मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 94
मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## प्रवासी श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन में लगने वाला समय और लागत कम किया जाना चाहिये : जयराम रमेश

**नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर।** कांग्रेस ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को एक राज्य से दूसरे राज्य में अपने परिवारों को पैसा भेजने में लगने वाले समय और लागत में कमी लाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने विदेशों से पैसा भेजने में समय और लागत कम करने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान का स्वागत करते हुए यह बात कही। रमेश ने कहा, आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बहुत सही तरीके से धन प्रेषण की लागत और समय कम करने पर जोर दिया है। विदेशों में रहने वाले भारतीयों से हमारी अर्थव्यवस्था में इस वर्ष लगभग 124 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा, जिससे वे सेवा निर्यात के बाद बाह्य वित्तपोषण का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन जाएंगे।

कांग्रेस नेता ने एक्स पर लिखा, उसी समय यह भी याद किया जाना चाहिए कि 10 भारतीयों में से तीन किसी न किसी प्रकार से आंतरिक प्रवासी हैं। इसलिए आंतरिक प्रेषण के समय और लागत को कम करने पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए जो एक राज्य में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों द्वारा अपनी बचत की रकम को दूसरे राज्यों में रह रहे अपने परिवारों



को भेजना शामिल है। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि आंतरिक प्रेषण पर सही तरीके से आंकड़े नहीं जुटाए गए।

रमेश ने कहा कि कुछ साक्ष्यों से पता चलता है कि इस तरह के अंतरराज्यीय प्रेषण विदेश से प्रेषित इस तरह के धन का दसवां हिस्सा हो सकते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि कुछ वर्ष पहले किए गए एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया था कि केरल से अन्य राज्यों को भेजी जाने वाली धनराशि, दक्षिणी राज्य को अन्य देशों से प्राप्त होने वाली धनराशि का लगभग एक तिहाई है। उन्होंने कहा कि ऐसी आय का आधे से भी कम हिस्सा औपचारिक संस्थागत चैनलों के माध्यम से प्राप्त होता है। दास ने सोमवार को विदेश भेजे जाने वाले धन में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की, जो भारत सहित विभिन्न विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष भारत का धन प्रेषण अन्य सभी देशों से बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया। बैंक ऑफ इंग्लैंड के अनुमान के अनुसार, वैश्विक सीमा पार भुगतान का मूल्य 2027 तक 250 लाख करोड़ डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।

## मादक पदार्थों के व्यापार के खिलाफ कड़ाई से जारी रहेगा अभियान : अमित शाह

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर।** गुजरात में 5,000 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त होने के एक दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि मादक पदार्थों के व्यापार के खिलाफ कार्रवाई बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगी।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं को मादक पदार्थों के संकट से बचाकर नशा मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त करने के सफल अभियानों के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल में गुजरात पुलिस के सहयोग से 5,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद करना भी शामिल है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा,



मादक पदार्थों के व्यापार के खिलाफ बिना किसी ढिलाई के अभियान जारी रहेगा। दिल्ली पुलिस और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में रविवार को गुजरात के अंकलेश्वर से 5,000 करोड़ रुपये मूल्य की 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की।

इसके साथ ही कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने दिल्ली और गुजरात में एक पखवाड़े के अंदर 13,000 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए।

## नकाब पोश बदमाशों ने दिन दहाड़े तमंचे नोक पर पेट्रोल पम्प कर्मचारी से लूटे साढ़े तीन लाख

इम्तियाज अहमद/आफताब आलम

**मानी कलाँ, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** खेतासराय थाना क्षेत्र के मनीखुर्द गांव के पास आज दिन दहाड़े पल्सर सवार बदमाशों ने असलहे के दम पर एक पेट्रोल पम्प कर्मी से करीब साढ़े तीन लाख रुपए लूटकर फरार हो गये।सूचना मिलते ही सीओ शाहगंज,खेतासराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने बाद जांच पड़ताल में जुट गयी है। पुलिस रास्ते में पड़ने वाले दुकानों व मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। मिली जानकारी के अनुसार खेतासराय थाना क्षेत्र के मनीकला बाजार के पास स्थित के एस के पेट्रोल पम्प का कर्मचारी नीरज यादव पेट्रोल



पम्प का तीन लाख 55 हजार रुपए बैग में रखकर जिले की सीमा से सटे आजमगढ़ जनपद के फुलेश बाजार में यूनियन बैंक जमा करने के लिए जा रहा था रास्ते में मानीखुर्द गांव के पास सुनसान इलाके में पीछे से आये पल्सर बाइक पर सवार बदमाशों ने तमंचे से आतंकित करके रुपएं से भरा बैग लेकर आजमगढ़ की तरफ फरार हो गये। सूचना मिलते ही शाहगंज के सीओ अजीत प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया।

और लूटेरों की तलास में जुट गयी है। रास्तें पड़ने वाले दुकानों व मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। पेट्रोल पम्प मालिक सूरज सिंह निवासी आमगांव थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ की तहरीर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बहराइच में प्रशासन की निष्क्रियता दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका गांधी

**लखनऊ, 14 अक्टूबर।** कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा गांधी ने बहराइच हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए जनता से कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बहराइच, उत्तर प्रदेश में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

गौरतलब हो, बहराइच में प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान हुई युवक की हत्या को लेकर बवाल बढ़ता जा रहा है। आज भी जगह-जगह आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ और आगजनी की है। पुलिस प्रशासन मामले को नियंत्रित करने के प्रयास कर रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं राज्य प्रशासन से अपील



करती हूं कि त्वरित एक्शन लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। जनता से मेरी करबद्ध अपील है कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें और शांति बनाए रखें। वहीं बहराइच में हुए बवाल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा जहां दंगा होता है, वहां पर जिला प्रशासन व सरकार फेल होती है। सभी मामलों में देश व प्रदेश की सरकार फेल हो चुकी है। राज धर्म का मतलब यह है कि हमारी प्रजा स्वतंत्र रहे, आनंदित रहे, संविधान और कानून का पालन हो और पालन कराया जाए। यह सरकार की नैतिक जिम्मेदारी होती है और उसमें यह सरकार विफल रही है। ये सरकार तो केवल जनता को डरा रही है कि बुलडोजर चला देंगे। कानून और नियम की परिधि में जो आए उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। राज्य सरकार हर मामले में विफल साबित हो रही है। कांग्रेस मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में 16 अक्तूबर को संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन आयोजित कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव इसी की तैयारी की समीक्षा करने पहुंचे हैं। उधर, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मामले पर बयान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा। प्रदेश के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।

## ओडिशा में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत, दो घायल

**ओडिशा।** ओडिशा में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सोमवार को जाजपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर छतिया के निकट बालासोर से भुवनेश्वर जा रही बस और मोटरसाइकिल की टक्कर होने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद बस में आग लग गई, हालांकि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच निकलने में सफल रहे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए बाराचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बस और मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। बाराचना थाने के प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत बारिक ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं। इसी बीच भद्रक जिले के चांदबाली इलाके में तेज रफ्तार एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) के दो अन्य वाहनों और एक साइकिल से टकरा जाने से दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एसयूवी ने पहले एक ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी, फिर एक स्कूटर और साइकिल को टक्कर मारी। इस दुर्घटना में ऑटो चालक और साइकिल सवार घायल हो गए। तीसरा हादसा सोनपुर जिले के बिनिका थाना क्षेत्र में हुआ जहां रविवार रात एक मोटरसाइकिल पर सवार दो दोस्तों की एक अन्य मोटरसाइकिल से टक्कर हो जाने से मौत हो गई। बिनिका पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लैंड जिहाद के बाद अब थूक जिहाद, पुष्कर सिंह धामी बोले- उत्तराखंड में यह कतई बर्दाश्त नहीं

**उत्तराखंड।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में धर्म परिवर्तन, अतिक्रमण, भूमि जिहाद और थूक जिहाद की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने शिक्षित लोगों से भी ऐसी चीजों को रोकने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उधम सिंह नगर जिले के किच्छा में एक अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड 'देवभूमि' है जहां सभी लोग मिलजुल कर रहते हैं। आज एक बार फिर उन्होंने इस बात को दोहराया है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से शिक्षा पर जोर देने की अपील की। पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड का मूल स्वरूप बरकरार रहना चाहिए। हम भूमि जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उत्तराखंड में थूक जिहाद स्वीकार्य और सहनीय नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन उत्तराखंड में धर्म परिवर्तन नहीं होने दिया जाएगा, अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा, लैंड जिहाद नहीं होने दिया जाएगा। उत्तराखंड में कुछ लोग थूक जिहाद कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश में थूक जिहाद नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को रोकने के लिए शिक्षित लोगों को आगे आना चाहिए। जो भी गलत होगा, बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. इसे उत्तराखंड में किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाल ही में, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के खतौली निवासी दो भाइयों - नौशाद अली और हसन अली को चाय के बर्तन में थूकने और उस चाय को ग्राहकों को परोसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## आज से होगा चार दिवसीय इंटरनेशनल इंडिया कारपेट एक्स्पों का आगाज

- **अमेरिका यूरोप सहित 65 देशों के लगभग 450 से अधिक विदेशी खरीदारों की होगी भागीदारी**
- **कारपेट फेयर ग्रांउड में 265 निर्यातक से अधिक भारतीय निर्यातक लगायेंगे रंग-बिरंगी कालीनों की प्रदर्शनी**

सुरेश गांधी

**वाराणसी।** कारपेट इक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल (सीईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित एक्सपो मार्ट में मंगलवार से इंटरनेशनल इंडिया कारपेट एक्सपो का 46वां संस्करण शुरू हो जाएगा। यह कारपेट फेयर 15 से 18 अक्टूबर तक चलेगा। मकसद है एक ही छत के नीचे हैंडमेड कारपेट सहित अन्य हस्तनिर्मित कालीनों



की प्रदर्शनी के जरिए सात समुंदर विदेशी ग्राहको को लुभाना।

फेयर का उद्घाटन केंद्रीय कपड़ा मंत्री और भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह करेंगे। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न सचिव, अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण के अलावा मंत्री व सीईपीसी पदाधिकारी भी भाग लेंगे। भदोही के कारपेट एक्सपो मार्ट में आयोजित इस फेयर में अमेरिका यूरोप सहित 65 देशों के लगभग 450 विदेशी खरीदार एवं उनके प्रतिनिधि भाग लेंगे। जबकि देश के कश्मीर, जयपुर, पानीपत, बीकानेर, आगरा, भदोही, मिजार्पुर और वाराणसी सहित अन्य कालीन परिक्षेत्रों के 265 कालीन निर्यातक अपने स्टालों पर रंग-बिरंगी हस्तनिर्मित कालीनों को प्रदर्शनी लगायेंगे।

परिषद सीईपीसी चेयरमैन कुलदीप राज वट्टल ने बताया कि देशभर के कालीन निर्यातकों के लिए यह कारपेट फेयर वरदान साबित होगा। खासकर जर्मनी फ्रंकफर्ट डोमोटेक्स कैंसिल होने का पूरा फायदा मिलेगा। उनका कहना है कि इस फेयर में भारतीय निर्यातकों को एक ही छत के नीचे कालीन से जुड़े हर तरह के हस्तशिल्प उत्पादों को बेचने का मौका मिलेगा। इसके अलावा मेले में उभरते हुए उद्यमियों एवं स्टार्टअप उद्यमियों को खास अवसर दिया गया है। ताकि उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिल सके।

प्रशासनिक समिति के सदस्य वासिफ अंसारी, रवि पटोदिया, सूर्यमणि तिवारी, अनिल कुमार सिंह, असलम महबूब, हुसैनी जाफर हुसैन, संजय गुप्ता, रोहित गुप्ता, इम्तियाज अहमद, पीयूष कुमार बरनवाल ने बताया कि यह एक्सपो भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों व अन्य फर्श कवरिंग को बढ़ावा देने के लिए हर साल आयोजित किया जाता है। यह कार्पेट एक्सपो एशिया उपमहाद्वीप में सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन मेलों में से एक है जहां विदेशी खरीदारों को एक छत के नीचे देश में बने हस्तनिर्मित कालीनों का संग्रह मिलता है।






# कब भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया से निजात मिलेगी?



-ललित गर्ग

## विश्व खाद्य दिवस-16 अक्टूबर, 2024

विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना उपलक्ष्य में यह दिवस भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल हैं। डब्ल्यूएफपी को भूख से लड़ने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के इस्तेमाल को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। साल 2024 की थीम है बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार। आज भारत एवं अन्य देशों में भोजन की बबार्दी को रोकना भी प्रमुख प्राथमिकता बननी चाहिए। भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुँच और विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना व अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है।

विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों



को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है। लेकिन भारत-सरकार के प्रयासों से भारत में कुपोषण एवं भूखमरी से उबरने की सफल कोशिशें हो रही है। भारत की टिकाऊ और स्वस्थ खाने की आदतों की दिशा में प्रगति स्पष्ट है। खेत से लेकर मेज तक का आंदोलन जोर पकड़ रहा है, जो उपभोक्ताओं को ताजा, स्थानीय रूप से प्राप्त उपज से जोड़ रहा है। खाद्य उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ लचीलापन और नवाचार को दर्शाती हैं, जो एक जीवंत खाद्य परिदृश्य में योगदान देती हैं। अत्याधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी नवाचारों के साथ, भारतीय खाद्य उद्योग विकसित हो रहा है, जिससे दक्षता और कम बबार्दी सुनिश्चित हो रही है।

कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी वैश्विक रिर्पोट न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली ही होती हैं। विश्वभर की शासन-व्यवस्थाओं का नाकामी एवं शैतानों की शरणस्थली बनना एक शर्मनाक विवशता है। लेकिन इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक दुनिया भर में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर दुनिया के देश सामूहिक तौर पर या अपने प्रयासों के दावे करते रहे, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशाजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है। यह दो-चार देशों ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत बड़े भूभागों के लिए चुनौती बनी हुई है। दुनिया से लगभग आधी आबादी इन समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए यह सवाल तो उठता ही रहेगा कि इन समस्याओं से जूझने वाले देश आखिर क्यों नहीं इनसे निपट पा रहे हैं? इसका एक बड़ा कारण आबादी का बढ़ना भी है। गरीब के संतान ज्यादा पैदा होती है क्योंकि कुपोषण में आबादी ज्यादा बढ़ती है। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है, अविकसित और निर्धन राष्ट्रों की आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। भुखमरी पर स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने आर्थिक और पोषण डाटा इकट्ठा किया, इस शोध का नेतृत्व करने वाले सासकिया ओसनदार्प अनुमान लगाते हैं कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी जो जन्म के पहले से ही कुपोषित हैं और ये बच्चे शुरू से ही कुपोषण के शिकार रहेंगे। एक पूरी पीढ़ी दांव पर है। अफ्रीकी देशों से आने वाली तस्वीरें डराती हैं। खाने के एक-एक पैकेट के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसे में पौष्टिक भोजन की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। महंगाई के कारण मध्य और निम्न वर्ग के लोग अपने खान-पान के खर्च में भारी कटौती के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे में एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए निर्धारित मानकों वाले खाद्य पदार्थ उनकी पहुंच से दूर हो जाते हैं। पौष्टिक भोजन के अभाव में लोग गंभीर बीमारियों की जद में आने लगते हैं।

गरीब मुल्कों की मदद के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत है। विकासशील देशों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो गरीबी, कुपोषण एवं भुखमरी दूर कर सकें। सत्ताएं ठान लें तो हर नागरिक को पौष्टिक भोजन देना मुश्किल भी नहीं है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा शासन-व्यवस्थाओं में बढ़ता भ्रष्टाचार है। गलत जब गलत न लगे तो यह मानना चाहिए कि बीमारी गंभीर है। बीमार व्यवस्था से स्वस्थ शासन की उम्मीद कैसे संभव है? संयुक्त राष्ट्र की ताजा वैश्विक खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट में दुनिया में भुखमरी की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा विकराल होने की स्थितियां तमाम विकास की तस्वीरों पर एक बदनुमा दाग है। दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है। यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी एवं कुपोषण की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता। यह शासन व्यवस्थाओं की नीति एवं नियत में खोट को ही दशार्ता है।

हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए। इस भोजन का हम अपने समाज की बदहाली, भूखमरी और कुपोषण से छुटकारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। सरकारों के भरोसे ही नहीं, बल्कि जन-जागृति के माध्यम से ऐसा माहौल बनाना चाहिए। आखिर में खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अशांत, अस्थिर, हिंसक और अस्वस्थ समाज चाहते हैं या उसे बदलना चाहते हैं? क्या हम भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया के नागरिक होना चाहते है या खुशहाल एवं साधन-सम्पन्न नागरिकों की दुनिया के नागरिक?

# पाकिस्तान में SCO समिट का आयोजन और इमरान समर्थकों का बवाल



अशोक भाटिया

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पहले ही कह दिया था कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को 2014 का धरना दोहराने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जिसके कारण चीनी राष्ट्रपति को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों का शिखर सम्मेलन आज और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में हो रहा है।आपको बता दे एससीओ की स्थापना 2001 में हुई थी। एससीओ में चीन, भारत, रूस, पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं। साथ ही 16 अन्य देश पर्यवेक्षक या वार्ता साझेदार के रूप में इससे जुड़े हैं।भारत से विदेश मंत्री जयशंकर इस बैठक में भाग लेने जा रहे हैं।

ऐसे समय पाकिस्तान के हुक्मरान पाकिस्तान में पूर्ण शांति रखना चाहते है ।ऐसे समय एक वर्ष से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद खान ने अपनी पार्टी से यहां डी-चौक पर एक रैली आयोजित करने का आह्वान किया था, जिसके जरिये उनकी रिहाई और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की मांग की गई है। राष्ट्रीय राजधानी का डी-चौक वही स्थान है जहां पीटीआई ने 2014 में 126 दिनों तक धरना दिया था, जिसके कारण चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अपनी पाकिस्तान यात्रा स्थगित करनी पड़ी थी।

इस वर्षा पाकिस्तान एससीओ बैठक की मेजबानी कर रहा है और इसके लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। चीन के प्रधानमंत्री पाकिस्तान की द्विपक्षीय यात्रा कर रहे है । शरीफ ने मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान घोषणा की थी कि यह स्वीकार्य नहीं है कि एक विशेष पार्टी ऐसे समय में पाकिस्तान के विकास में बाधा उत्पन्न करे , जब देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

पिछले हफ्ते ही पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन करने के बाद सरकार ने रावलपिंडी जेल में बंद इमरान खान के साथ सभी मुलाकातें रोक दी थीं। जेल प्रशासन ने इसके पीछे सुरक्षा का हवाला दिया था। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी कि सरकार एससीओ शिखर सम्मेलन के अवसर पर पीटीआई के नियोजित विरोध को रोकने के लिए पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगी।

वैसे पाकिस्तान में आज से शुरू हो रही शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन की दो दिवसीय अब घरेलू राजनीति का अखाड़ा बन गई है। हालात इंगित कर रहे हैं कि अगर इस मुद्दे पर विपक्ष यानी इमरान की पार्टी पीटीआइ पीछे नहीं हटी तो देश में गृह युद्ध के हालात पैदा हो सकते हैं। दरअसल, पीटीआइ ने मंगलवार को इस्लामाबाद के डी-चौक पर विरोध प्रदर्शन करने का फैसले का ऐलान किया है और कहा है, कि अगर सरकार जेल में बंद इमरान को उनके परिवार, पार्टी नेताओं से मिलने तथा उनकी कानूनी टीम और डॉक्टर की फैसिलिटी उपलब्ध नहीं करवाती है, तो बड़े पैमाने में आंदोलन किए जाएंगे।

पाकिस्तान सरकार ने एससीओ बैठक में इस्लामाबाद पहुंचने वाले लगभग 900 एससीओ प्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए 10,000 से ज्यादा पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया है। पूरे इस्लामाबाद के बॉर्डर सील कर दिए गए हैं और सैकड़ों लोगों को एहतियातन गिरफ्तार किया गया है। सरकार ने इस्लामाबाद में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 245 के तहत सेना के जवानों को भी तैनात किया है। संघीय सरकार ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 14 अक्टूबर से राजधानी में तीन दिवसीय छुट्टी की भी घोषणा की है। वहीं, सुरक्षा कारणों से अधिकारियों ने इमरान खान के साथ सभी मुलाकातें रोक दी हैं, जो वर्तमान में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। शंघाई सहयोग संगठन के पहले बताया जाता है कि सऊदी अरब ने आखिर कंगाल पाकिस्तान में निवेश करने की पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की गुहार सुन ली है। इस कारण पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का मनोबल बड़ा हुआ है । खबरों के अनुसार सऊदी अरब अब पाकिस्तान में 2 ।2 अरब डॉलर का निवेश करने पर सहमत हो चुका है। सऊदी अरब का एक 135 सदस्यीय हाइप्रोफाइल प्रतिनिधिमंडल इन दिनों पाकिस्तान की यात्रा पर है। इस दौरान दोनों देशों में 26 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के मौके पर सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद बिन अब्दुल अजीज अल फलीह और पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर भी मौजूद रहे। इस दौरान दोनों के बीच पाकिस्तान की जमीन पर सऊदी अरब के लिए खेती करने की डील भी हुई है। इसे सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच कॉरपोरेट खेती के क्षेत्र में सहयोग समझौते का नाम दिया गया है। इसके लिए पाकिस्तान के सबसे अहम सूबे पंजाब के खानेवाल में 10,000 एकड़ जमीन सऊदी अरब की खाद्य जरूरतें पूरी करने के लिए खेती आदि के मकसद से आवंटित की जाएगी। सऊदी अरब कॉरपोरेट खेती के लिए वित्त पोषण प्रदान करेगा और उत्पादित फसलें, फल और सब्जियां उसी देश को निर्यात की जाएंगी।समझौते के अनुसार, कृषि क्षेत्र में सऊदी अरब 70 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा। खानेवाल में सऊदी अरब की ओर से नियुक्त टीम की निगरानी में और उसी की जरूरतों के अनुसार यह खेती की जाएगी। समझौता कितने साल के लिए हुआ, आदि अन्य अहम ब्योरे अभी सामने नहीं आए हैं, लेकिन जो पाकिस्तान अपनी ही जनता की खाद्य और अनाज जरूरतों को ही पूरा नहीं कर पा रहा है, उसका सऊदी अरब के लिए इस तरह से 10 हजार एकड़ जमीन खेती के लिए सौंप देना समर्पण से कम नहीं माना जा रहा है।

पाकिस्तान को हाल ही में आइएमएफ से भी 7 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज मिला है। हालांकि कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने उम्मीद जताई है कि यह आखिरी मदद पैकेज होगा। साथ ही, उन्होंने आइएमएफ पैकेज पाने के लिए सऊदी के नेतृत्व का धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी मदद के बिना कार्यक्रम सफल न हो पाता। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि एक सऊदी कंपनी पाकिस्तान की तेल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी शेल पाकिस्तान के 77 प्रतिशत शेयर खरीदने जा रही है, और इस संबंध में दोनों कंपनियां अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकती हैं। उधर, चीन के नागरिकों पर बढ़ते हमले के मद्देनजर, पाकिस्तान ने पिछले दिनों सशस्त्र बलों के लिए अतिरिक्त 45 अरब रुपये का बजट प्रदान करने का निर्णय लिया था। इसके पहले भी पाकिस्तान कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) ने ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम के लिए 60 अरब रुपए दिए थे, जिससे बढ़ती आतंकवादी वारदातों पर काबू पाया जा सके और शंघाई सहयोग संगठन आराम से संपन्न हो सके।

# पाण्डवों के सहजप्रकृति भावुक होने का विवेचन!



-आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार

सत्य स्वयं प्रतिष्ठित होता है ओर सब कुछ सत्य का आधार पाकर प्रतिष्ठित होता है। आज विश्व में प्रतिष्ठित होने वाला यह मनुष्य दुखी क्यों है? चारों युगों में सुख-दुख असमान रूप से प्रतिष्ठित रहा है जिसमें अगर द्वापरयुग का प्रकरण लिया जाए तो यह सभी के लिए प्रासंगिक होगा। इस युग में पांडव प्रकृतिसिद्ध झसहजसिद्ध थे वे राज्यवैभव से वंचित रह सर्वथा दीन-हीन दशा में, अनाथों की तरह रहे उनके जीवन में आए इस अपार दुख के लिए किसे उत्तरदायी मानोगे? भगवान श्रीकृष्ण नरावतार थे जो सोलह कलाओं के सृजक थे, वे सुख दुख की सीमाओं से परे थे, कोई भी भाव उन्हे प्रभावित नही कर सकता था, वे भावातीत थे। कौरव पात्रों में स्थिरता--दृढ़ता-निष्ठा धृति-आदि गुणों की संपन्नता खुद के प्रति गहरी ओर अटूट निष्ठा रही वही पांडव विशुद्ध भावुक थे भावना से भरे थे, भावुकता उनकी पहचान थी। शकुनि-कर्ण-दुर्योधन- दुःशासन-आदि जैसे केवल नीतिनिष्ठ थे, निष्ठा की पराकाष्ठा को जीना उनका धर्म था ओर यह निष्ठा किसी अन्य के लिए नहीं अपितु खुद के लिए थी। पांडवों ओर कोरवों में भावुकता ओर निष्ठा परस्पर रूप से एक दूसरे के वैचारिक भावों के विपरीत आश्चर्य कर देने वाली युक्ति थी। इसमें धर्मराज युधिष्ठर ओर इन्द्रावतार पार्थ अर्जुन को 'भावुकता' का सूत्राधार माना गया है जो तत्कालीन महाभारतयुग की सम-विषम कालिक, दैशिक, राष्ट्रिय स्थिति-परिस्थितियों को विहंगमदृष्टि को लक्ष्य बनाकर जीते रहे।

पांचों भाई देवताओं के अंश अवतार थे, धर्म का अवतार युधिष्ठर, वायु पुत्र भीम, इन्द्र पुत्र अर्जुन एवं अश्विनीकुमारों से नकुल सहदेव थे जो सभी प्रकार की निष्ठा ओर भावुकता को पूर्णता के साथ जीकर एक मिसाल कायम कर सके, अकेले अर्जुन की भावुकता की परिणीती श्रीमद भागवत गीता के रूप में जगत के समक्ष प्रगट हुई ओर उसके मन पर, हृदय में मंडरा रहे भावुकता के बादलों के विदा होते ही वह महाभारत जैसा युद्ध को अंजाम दे सका। इससे परे देखा जाए तो दुनिया में सुख देने वाले किसी साधन की कमी नहीं है। अगर इसका चिंतन किया जाए तो मनष्य ओर उसकी मानसिक अनुभूति में व्याप्त निष्ठा ओर भावुकता की प्रज्ञा इसका मूल कारण होगी। निष्ठा का निर्वहन करने वाला सब कुछ होते हुये भावुकता से भावुक बन जाए तो दुखी होगा, किन्तु जहां कुछ न रहते हुये निष्ठा ओर भावुकता का परित्याग कर दे तो वह सुखी होगा। मानव किसी भी युग का हो, किसी भी काल का या विशेषतः वर्तमान युग का ही ले लीजिये, वह दुखी है, क्यों? यह मूल प्रश्न है। इस मूल प्रश्न को इस प्रकार भी देखा जा सकता है कि 'कहाँ, कौन,कैसे ओर क्यों दुखी है? 'कौन' का उत्तर 'हम' शब्द से दिया जाएगा तथा कहाँ ओर कैसे स्थान स्थिति को व्यक्त करेंगे एवं क्यों ? का उत्तर होगा निष्ठा ओर 'भावुकता। भावुक का आशय जहा परदृष्टा है वही निष्ठावान का अर्थ स्वदृष्टा से है। दूसरों को देखने वाला भावुक सुखी नहीं रह सकता वही खुद को देखनेवाला निष्ठावान दुखी नही रह सकता है। परदृष्टा भावुक लाभ नहीं देखता हानि अनुभव करता है इसलिए दुखी रहता है जबकि स्वदृष्टा निष्ठावान किसी भी प्रकार के लाभ का अवसर छोडता नहीं है, नुकसान का अनुभव करता है इसलिए सदैव सुखी रहता है।

विश्व में कहीं भी किसी भी देश भाषा का वासी मनुष्य अगर दुखी है तो उसका मूल कारण उसके भावनात्मक गुण का होना है। यानि वह व्यक्ति मन का सहज है, सहज ज्ञान ओर धर्म उसकी भावना के केंद्र में है। कठिन है। शास्त्र कहता है, 'यदि संसार में मानव को सुखी रहना है, तो उसे धर्मात्मा, पराक्रमी, अनुशासन से अनुशासित एवं प्रतिज्ञापालक होना चाहिए ।' कहना न होगा कि पांचों पाण्डवों में शास्त्र का यह आदेश अक्षरशः घटित हो रहा है, परन्तु देख रहे हैं कि शास्त्र के सुखसाधक उक्त आदेश का अक्षरशः पालन करते हुए भी पाण्डव उत्तरोत्तर दुःखी ही बने रहे। सांसारिक वैभव की बात तो दूर रही, इन्हें तो अपने न्यायसिद्ध पैतृक सम्पत्ति से भी वंचित किया गया जबकि इसके विपरीत कौरव दल एवं उसका नायक दुर्योधन धर्म-पराक्रम-अनुशासन-प्रतिज्ञा-पालन आदि शास्त्रीय आदेशों एवं अपने सभी सममानीय जन की घोर उपेक्षा करता हुआ सभी सांसारिक सुखों का उपभोग करता रहा। सर्वगुणसम्पन्न पाण्डवों का दुःखी बने रहना एवं सर्वदोषसम्पन कौरवो का सुखी बने रहना, सचमुच एक जटिल समस्या थी ओर महाभारत शुरू होने से पूर्व ही लाक्षागृह जैसे षड्यंत्र घटने का बाद अपने पराक्रम रहते शांत रहे ओर आज्ञाकारी बने रहे। भगवान श्रीकृष्ण जानते थे की पाण्डव धर्मात्मा हैं, पराक्रमी हैं, अनुशासनप्रिय है, प्रतिज्ञापालक है, फलतः सर्वगुणसम्पन्न हैं। इसके साथ ही हम यह भी अनुभव करते रहे हैं कि कौरव अधर्मी है, उच्छृखल है, फलतः सर्वदोषसम्पन्न हैं। फिर भी पांडव दुखी है ओर सभी तरह के दोषों से लिप्त कौरव सुखी है। पाण्डवों में जहाँ सब गुण ही गुण थे, वहाँ उनमें सबसे बडा एक ऐसा दोष है, जिसके कारण उनके सब गुण दोषरूप में परिणत हो रहे हैं। फलतः इस महादोष से सर्वगुणसम्पन्न भी पाण्डव सर्वदोषसम्पन्न बनते हुए दुःखी है ओर वहीं कौरवों में जहाँ सब दोष ही दोष हैं, वहाँ उनमें सबसे बडा एक ऐसा गुण है, जिसके कारण उनके सब दोष गुणरूप में परिणत हो रहे हैं, इसे समझना होगा।

आखिर पांडवों में ऐसा कौन सा दोष था जिसने पांडवों की गुण विभूति को प्रावृत कर उन्हें दुखी बना दिया ? एवं वह ऐसा कौन सा गुण है, जिसने कौरवों की दोष राशि को प्रावृत कर उन्हें सुखी बना दिया ? उत्तर थोड़ा अटपटा सा है, अतएव उसके मूल तथ्य पर पहुंचना थोड़ा कठिन है। भावुकता पाण्डवों का सबसे बड़ा दोष है एवं 'निष्ठा' कौरवों का सबसे बडा गुण है। भावुकता ने जहाँ सब पांडवों को उनमे सब गुण रहते दुखी बनाया है, वही सभी तरह के दोष रहते कौरवों को निष्ठा ने सुखी बना दिया। भावुकता वह गुण है जो व्यक्ति को दृढ़निश्चयी नहीं बनाता बल्कि प्रतिज्ञापालन में असमर्थ करता है, देखे अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण के यज्ञ संपादित करते समय एक बाम्हन के होने वाले बच्चों की अकाल मौत पर भगवान को भला बुरा कहते समय भावुकता में पड़ उसके होने वाले बच्चे के प्राण बचाने का संकल्प ले अर्जुन उसे बचाने निकला ओर यह शपथ ली की अगर बच्चे को नहीं बचा सका तो अग्नि को अपने प्राण समर्पित कर देगा, आखिर बच्चा मृत्यु को प्राप्त हुआ भगवान ने धर्मराज से बच्चे के प्राण लेकर बाम्हन के घर खुशिया लौटाई ओर अर्जुन के प्राण बचाए। इसी प्रकार अर्जुन ने भावुकता में अपने बेटे अभिमन्यु की मृत्यु के लिए जयधृत को सूर्यास्त से पूर्व मारने की शपथ ली जिसे भी भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी माया से बादलों में सूर्य छिपा कर सूर्यास्त दिखा उसके सामने आने पर सूर्य को दिखा उसकी शपथ पूरी करा उसके प्राण बचाए। कुछ प्रसंग में आप भावुकता ओर निष्ठा को लेकर सवाल कर सकते है जहा धर्मराज युधिष्ठिर ने इसी प्रतिज्ञापालन के लिए वनवास के कष्ट हंसते-हंसते सह डाले । अर्जुन ने दृढ़निश्चय के प्रभाव से, निष्ठावान रहते दुर्द्धर्ष तप के द्वारा ब्रह्मास्त्रादि प्राप्त किए, गुरुद्रोण के प्रतिद्वन्द्वी द्रुपदराज का गर्व तोड़ते हुए, स्वयंवर में मत्स्यवेध कर द्रौपदी प्राप्त की, शास्त्र परीक्षा में चिड़िया के मस्तक को लक्ष्य बनाया, इस प्रकार कई उदाहरण मिलेंगे जहा पाण्डवों की निष्ठा, उनका प्रतिज्ञापालन अटल और अडिग है। इस प्रतिप्रश्न में भावुक ओर निष्ठा के देखे थे निष्ठावान सदैव स्व को लक्ष्य बनाए जाने से सदा अपनी चिंता करता है ओर उसे परोपकार से कोई सरोकार नही होता है पांडव अपने प्राणों को दाव पर लगाकर परोपकार करते आए है, उनमें स्वार्थसिद्धि नहीं स्वार्थी निष्ठावान के समक्ष उनकी तुलना अर्थहीन हो जाती है।

धृतराष्ट्र का युग हर युग में सबक्से बड़ा रहा है ओर अत्यधिक धार्मिक पूर्णअवतार श्रीकृष्ण कि मौजूदगी सहित अन्य एक से एक महावीरों का युग रहा है जो किसी देश-काल में पैदा नही हुये। वे सभी निष्ठा ओर भावुकता के संकल्प, प्रतिज्ञा कि जंजीरों से जकड़े रहे जहां प्रकृतिविरुद्ध अधर्मपथ का समर्थन करने को ये सभी विवश रहे है। विचार उठता है कि धृतराष्ट्र क्या धर्म बुद्धिशून्य थे? नहीं । किन्तु कालदोषात्मक वातावरण दोष से ये अनेक बार अपने मनोभावों में सम-विषम निर्णय लेने में निष्ठा का निर्वहन करने खामोश थे। गुरुद्रोण आखिर अधर्म पथ के युद्ध को स्वीकारने के बाद कौरवों के साथ क्यो शामिल हुये। यही नहीं जब नारी कि निर्लज्जता कि बात आई तो राजपरिवार कि बहू द्रौपदी के पक्ष में पूरी सभासदों शिति मौनवृत्ती से तटस्थ दर्शक बन जाना कहाँ कि नैतिकता थी? यह भावुकता का नहीं अपितु उस निष्ठा का भोंडा चरित्र रहा जहां इनके लिए मृत्युतुल्य कष्ट था लेकिन राजभोग का सुख आंखे बंद करके पाने कि विवशता थी ओर दूसरे युधिष्ठिर एक प्रकार से ही क्यों, निश्चितरूप से कौरवों की राज्य प्रतिष्ठा -लक्षणा और बुद्धि को ही परोक्ष रूपेण प्रोत्साहित करते रहने वाले परोक्ष निमित्त बनते रहे, बनते ही गए।

पाण्डवों का सम्पूर्ण जीवन ही इन उदाहरणों का प्रतीक बना हुआ है जिसमें भावनात्मक संतुष्टि के लिए उन्होंने जो किया उसका जगत में दूसरा उदाहरण नहीं मिलता है। दूतकर्म में कभी किसी ने अपनी पत्नी को दाव पर नहीं लगाया था, अपने भाइयों को जुए में नहीं हारा था, जबकि जुए का कोई नियम नहीं था, धर्मभीरु युधिष्ठिर भावुकता में अपने अनुज पुत्र दुर्योधन के बनाए सारे नियम ओर शर्तें मानता गया ओर प्रतिज्ञा पालन करते समय भावुकता में भूल गए ओर अपना राज्य दांव पर लगाने से साथ भाइयों ओर पत्नी को भी हार गए। प्रत्यक्ष प्रभाव से प्रभावित युधिष्ठिर ने यो स्वयं अपना भी अनिष्ट किया, साथ ही सदोष से प्रभावित धर्ममय बने हुए अन्य पांडवों को भी दुखी बनाएं । प्रत्यक्षानुगता भावुकता में पड़कर पांडव यह सब करते रहे इसलिए यह स्पष्ट हो जाता है कि यह भावुकता ही सारे सांसारिक दुखों का मूल कारण है । भावुकता ओर निष्ठा के स्वरूप का दिग्दर्शन करने कि इस चेष्टा में वर्तमान मानव के परितोष का कारण नहीं तलाशा जा सकता है ,आवश्यकता है कि आज के मानव कि स्थिति तत्व, सापेक्ष तत्वों का समन्वय कैसे किया जाए इस पर विचार आवश्यक है।

भावुकता और निष्ठा तत्वों को जानने को तत्पर हो तो ज्ञात होता है कि जो अपनी इन्द्रिय जन्य ज्ञान के अनुसार चलता है वह मनुष्य भावुक होता है एवं जो विवेक ज्ञान के आधार पर चलता है वह निष्ठावान कहलाता है। मनन करने वाला व्यक्ति भावुक होता है ओर बुद्धिमानी करने वाला विवेक जन्य परोक्ष ज्ञान से प्रभावित निष्ठावान होता है। तथ्य ज्ञान प्रत्यक्ष अपराध को न सहने वाला भावुक ओर उसकी उपेक्षा करने वाला निष्ठावान होता है। शिक्षा ज्ञान युक्त व्यक्ति भावुक ओर सहज ज्ञान युक्त निष्ठावान है। विद्वान मानव भावुक है, समझदार मानव निष्ठावान है। ज्ञानी मानव भावुक है, मूर्ख मानव निष्ठावान है।आज भारत में जिस भावुकता का दिग्दर्शन कराया जा रहा है उस भावुकता ने वर्तमान मानव को विशेषतः हिन्दू-मानव को संत्रस्त बना रखा है। देखा जाए तो सम्पूर्ण विश्व एक 'स्थिति भाव है, जिसके लिए संसार है जिसमें वर्तमान काल को सर्वोपरि मानते हुये सभी अपने मन के अंदर इसकी मूल प्रतिष्ठा किए भावुकता का आधार निर्मित किए है जिसका विवेचन ओर विश्लेषण करना सहज नहीं है।

प्रातः स्मरणीय धर्मराज युधिष्ठिर को नितान्त भावुक प्रमाणित करने का एकमात्र उत्तरदायी बनाने, एवं मानने का महत पातक जरूर किया जा रहा है, उन संस्मरणीय धर्मराज धर्म की सगुण मूर्ति युधिष्ठिर की चरम सीमा नुगता धर्मनिष्ठा लक्षणा धर्म भावुकता के अनुग्रह से ही शेष पाण्डु पुत्रों के यशः शरीर आज तक अक्षुण्ण बने हुए हैं। धर्मभावना के दृष्टिकोण से युधिष्ठिर न केवल महामानव ही थे, अपितु अतिमानव थे, आधिकारिक अवतार मानव संतुलित धर्म के सगुण अवतार थे। वे अपनी इस धम्मानुगति में अनन्य निष्ठा से प्रणत- भाव द्वारा आस्था श्रद्धा पूर्वक तल्लीन थे। अर्जुन की तरह 'करिष्ये वचनं तथ' रूप से युधिष्ठिर धर्म मान्यता के सम्बन्ध में किसी भी अन्य प्रेरणा अन्य शक्ति से प्रभावित होने के लिए स्वप्न में भी सहमत न थे। यही कारण था कि, गुरु द्रोण वध प्रसंग पर वासुदेव कृष्ण के महतो भावुकता की चरम सीमात्मिका 'निष्ठा' का उपक्रम स्थान मानी गई है। अपनी आत्यन्तिक धर्मभावुकता, किंवा सनो- ऽनुगता धर्मभावना से ही आत्मबुद्धयनुगता सत्य-धर्मनिष्ठा से सत्य-धर्मनिष्ठ बन जाने वाले अतिमानव धर्मराज युधिष्ठिर इसी धर्मनिष्ठा के बल पर सदेह स्वगारोहण में समर्थ हुए थे, जबकि इनके अन्य अनुज, और द्रौपदी मध्ये मध्य में ही विश्राम ग्रहण कर चुके थे। इसी सांस्कारिकी दृढ़तमा धर्मभावना के प्रभाव से स्वगारोहण करते समय इनके पावनतम शरीर से संलग्न वायुदेवता पवित्र हो गए थे, जिस पवित्र वायु के संस्पर्शमात्र से यामी यातनाएँ सहन करने वाले प्रेतलोकस्थ प्रेतभावापन्न इनके बन्धु क्षणमात्र के लिए शान्ति-स्वस्ति के भोक्ता बन गए थे । ऐसे धर्मनिष्ठ, अतएव नितान्तनिष्ठ, यावज्जीवन अनन्यरूप से इस निष्ठातन्त्र के उपासक बने रहने वाले लोकदृष्ट्या 'भावुक भी प्रतीयमान युधिष्ठिर को, इस धर्ममूत्ति अतिमानव को 'भावुकता' होने के लिए प्रायश्चित्त का भागी बनना पड़ा।

# देश में महिलाएं सुरक्षित नही, महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा की घटनायें एक चिंता का विषय



-विक्रम दयाल

आजकल महिलायें सुरक्षित नही हैं. महिलाओं के साथ अक्सर घृणित घटनायें प्रतिदिन होने लगी है. अत्याचारियों की शिकार महिलायें होने लगी है. उम्र की कोई सीमा नही है. बलात्कारी उम्र का लिहाज किये बगैर घृणित घटनायें अंजाम देने लगे हैं. कड़े से कड़े कानून बनजाने के बावजूद बलात्कारी अत्याचारी घृणित कार्य करने में सफल हो ही जाते हैं. कानून हाथ मलते रह जाता है. स्कूल जाती छोटी उम्र की बच्चियाँ, कालेज जाती लड़कियाँ, नर्स, और डाक्टर सभी आज सामूहिक बलात्कार की शिकार होती किशोरियाँ, महिलायें, बलात्कारियों से त्रस्त हैं. सरकार या अन्य जिम्मेदार व्यक्ति बलात्कारियों को कानूनी फंदे तक नही पहुँचा पारहे हैं. अपराधी अपराध करके खुलेआम घूम रहे हैं. घटनायें होती जारही हैं और जनता हाथ पर हाथ धरे देखती जा रही है. महिलाओं के क्षत विक्षत अंग देख कर मानवता भी शर्मसार होजाती है.

क्या लड़कियाँ जन्म न लें? क्या लडकियाँ पढ़े लिखें नही? क्या लड़कियाँ खुले वातावरण में सांस न लें? क्या लड़कियाँ डाक्टर या इंजीनियर न बनें? क्या लड़कियाँ मर्द की बराबरी न करें? क्या लड़कियाँ सफर न करें? क्या लड़कियाँ आसमान में न उड़े? क्या समाज को अब लड़कियों को दुनियाँ में आने से रोक देना चाहिए? ऐसा नही हो सकता है. लडकियाँ ही मां, बहन, बेटी, पत्नी के रिस्ते निभाते हुए दुनियाँ को मजबूत रिस्तों में बांध कर रखती है. लड़कियाँ हैं तो सभी रिस्ते हैं. इसलिए लड़कियों का आदर सम्मान करना बहुत ही जरूरी है. महिलाओ में जन्म देने की शक्ति है आजकल के युग में महिलाओं के विरुद्ध घोर से घोर अपराध होने लगे हैं. जिसे हमारा समाज ही इस अपराध को रोक सकता है. नारी शक्ति है तो दुनियाँ है. नारी शक्ति के बिना मानव अधूरा है. इललिए इंसान को नारीशक्ति का मान सम्मान करना अति आवश्यक है. धर्म कोई भी हो. बिना नारी के धर्म भी आगे नही बढ़ सकता है. धर्म और नारी का सम्मान सदा होना चाहिए. अगर नारी नही है तो वंश भी आगे बढ़ नही सकता. नारी के ही अंदर माता, बहन, बेटी, पत्नी, सारे दुनियाँ के रिस्ते हैं. महिलाओं का अनादर समाज में नही होना चाहिए. हर घर की मान मर्यादा एक नारी ही है. जहाँ महिला का सम्मान नही वहाँ विनाश होना निश्चित है. बिना मां का, कोई भी इंसान इस धरती पर नही है. सभी को किसी मां ने ही जन्म दिया है. मां ही किसी बच्चे का पालन पोषण कर सकती है. इसलिए हर समाज में हर धर्म में मां का स्थान सर्वोपरि है. मां जन्मदात्री है इसलिए मां पूज्यनीय है. महिलाओं पर बढ़ते अपराध आजकल एक चिंता का विषय है. महिलाओं पर बढ़ते अपराध को रोकने की जरूरत है. बडे.से बड़े और कड़े से कड़े कानून बनने के बावजूद भी अपराध नित्य प्रतिदिन बढ़ते ही जारहे हैं. अपराधी अपराध करने से चूकते नही हैं. और बच निकलते हैं. आजकल कहीं भी महिलायें सुरक्षित नही हैं. महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा की घटनायें रुकनी चाहिए. तभी नारीशक्ति का सम्मान होगा.

## श्री दुर्गा माता शक्ति पीठ बोईसर द्वारा भव्य माता की चौकी आयोजित




पालघर(उत्तरशक्ति)। जिले के बोईसर शहर अंतर्गत अवध नगर में स्थित श्री दुर्गा माता शक्ति पीठ के प्रांगण में शारदीय नवरात्रि के मौके पर शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 की शाम को भव्य माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस चौकी में जय माता दी जागरण मंडली अवधनगर दुर्गा माता मंदिर की ओर से प्रसिद्ध लोकगीत गायक दिनेश्वर कुशवाहा व रविंद्र विश्वकर्मा तथा मुंबई से पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका नंदनी तिवारी व रुचि मिश्रा की जुगल बंदी के माध्यम से प्रस्तुत भजनों पर श्रोतागण झूमते थिरकते दिखाई दिए। उक्त गायक व गायिकाओं ने भजनों की उत्कृष्ट प्रस्तुति करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मां भगवती का आशीर्वाद लेने हेतु भाजपा जिला महासचिव अशोक वड़े, शिवसेना नेता प्रभाकर राऊल, मुकेश पाटील, बजरंग दल कोंकण प्रांत गौ रक्षा प्रमुख चंदन सिंह, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड प्रमुख एस.पी.सिंह, गणेश राणा, सरावली ग्राम पंचायत सदस्या जुली संजय बारी,राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम मिश्रा व अन्य गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं श्रोतागण उपस्थित रहे। माता की चौकी का आयोजन श्री दुगार्माता शक्ति पीठ बोईसर के आनंद गिरी,मायाराम गुप्ता, अरुण सिंह, निमोर्ही यादव, ज्ञानू यादव, वंशी गुप्ता अग्रहरि व अन्य सहयोगियों के विशेष सहयोग से किया गया।

## मकान में आग लगने से सामान जलकर राख –महेश गायकवाड़ ने की एक लाख की मदद



कल्याण (उत्तरशक्ति)। कल्याण पूर्व के खडेगोलवली स्थित महेश कॉलोनी में रहने वाले लल्लन साव के मकान में अचानक आग लग गई। आग लगते ही परिसर के लोगों ने मुस्तैदी दिखाते हुए फायरब्रिगेड के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस घटना में साव परिवार के सभी लोग सुरक्षित है, लेकिन आग की चपेट में आने से मकान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका है। साव परिवार की उपजीविका बैग बनाने का व्यवसाय है। मकान में बैग बनाने का सामान रखा हुआ था जो पूरी तरह से जल गया है। इस घटना से साव परिवार का काफी नुकसान हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही शिवसेना के शहर प्रमुख महेश गायकवाड ने तुरंत ही मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। साथ ही साव परिवार के साथ हमदर्दी जताई। इस मुश्किल घड़ी से उबरने के लिए शिवसेना शहर प्रमुख महेश गायकवाड ने साव परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता की है। स्थानिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में महेश गायकवाड ने उन्हें एक लाख रुपये का चेक सौंपा। संकट के लिए यह मदद पाकर लल्लन साव और उनके परिवार के लोगों ने महेश गायकवाड का आभार माना। इस मौके पर पूर्व उपमहापौर उमेश म्हात्रे, युवा सेना शहर समन्वयक मधुर म्हात्रे, विभाग प्रमुख मनोज बेलमकर, शाखा प्रमुख पवन गावड़े, वैद्यकीय सहायक विलेश म्हात्रे, अविनाश गायकवाड, कुलदीप गुप्ता, किरण उगले सहित स्थानिक नागरिक उपस्थित थे।

## नागरी संरक्षण दल पालघर द्वारा नागरी संरक्षण स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण शुरू



पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। महाराष्ट्र सरकार गृह विभाग (विशेष) के पालघर जिला के नागरी संरक्षण दल की ओर से नागरिकों को नागरी संरक्षण स्वयंसेवक के तौर पर तैयार करने हेतु पांच दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ सोमवार 14 अक्टूबर 2024 को पालघर जिले के बोईसर शहर के पास स्थित सरावली ग्राम पंचायत भवन के सभागृह में मान्यवरों की विशेष उपस्थित में किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक दोपहर 2 बजे शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के माध्यम से मुख्य तीन बिंदुओं में प्राथमिक उपचार, फायर तथा रेस्क्यू ऑपरेशन विषय पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्या पूर्णिमा धोडी ने की। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता सहायक उप नियंत्रक के.आर. कुरकुटे ने उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण की प्राथमिक जानकारी दी। वहीं विभागीय क्षेत्ररक्षक पालघर(वाडा) नीलेश वझे ने प्रशिक्षण के जरूरतों के बारे में बताया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन एवं आभार प्रकट विभागीय क्षेत्ररक्षक नरेश म्हस्के ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अयोजिका सुवर्णा महामुनि, उप सभापति पालघर मेघन पाटील, वित्तीय सलाहकार उज्वला कोकणे, ग्राम पंचायत सदस्य दिनेश संखे, पत्रकार वैभव पाटील, नदीम शेख, अनिल ओझरे व अजीत सिंह, प्रिया पाटील, धनाश्री जेना, तृप्ति वझे, संगीता जायसवाल, जयंती महतो, नागरी सुरक्षा स्वयंसेवक जयेश हेमराज कामली के अलावा बड़ी संख्या पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# भिवंडी में यूपीएससी व एमपीएससी अध्यक्ष केन्द्र इमारत का भूमि पूजन कार्यक्रम निरंजन डावखरे के हाथों संपन्न



आचार्य सूरजपाल यादव

भिवंडी (उत्तरशक्ति)। भिवंडी के बी एन एन कालेज के सामने वाटर कामगार कालोनी स्थित भिवंडी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व भिवंडी पूर्व विधानसभा चुनाव प्रमुख संतोष शेट्टी के प्रयास से यूपीएससी , एमपीएससी अध्यन केन्द्र का भूमि-पूजन कोकण स्नातक मतदान संघ के विधान परिषद सदस्य निरंजन डावखरे के हाथों किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत करते हुये अपने प्रस्ताविक भाषण में संतोष शेट्टी ने कहा कि भिवंडी में लाइब्रेरी तो है लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अध्यन गाइड की वजह से भिवंडी के विद्यार्थियों को पीछे रह जाना पडता है । उन्होंने इसके लिये सार्वजनिक बांधकाम मंत्री रविन्द्र चव्हाण के पास प्रस्ताव रखा जिसे चव्हाण ने अण्णा भाऊ साठे शहरी बस्ती सुधार योजना के तहत तुरंत मंजूरी दे दी । वहीं संतोष शेट्टी ने कहा कि इस अध्ययन केन्द्र प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये वरदान साबित होगा ।

वहीं भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने आश्वासन देते हुए कहा कि यह भवन को 6 महीने में प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए बनकर तैयार हो जायेगा । इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य निरंजन डावखरे , विधायक महेश चौगुले , संतोष शेट्टी , अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके , देवीदास पवार , उपायुक्त शैलेश डोंडे , भाजपा जिलाध्यक्ष एडो. हर्षल पाटिल , आरपीआई शहर अध्यक्ष महेन्द्र गायकवाड़ , पूर्व नगरसेवक विकास निकम , शहर अभियंता सचिन नाइक , मनपा जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले आदि के साथ मनपा अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ शहर के गणमान्य लोगों व विद्यार्थियों की भारी संख्या में उपस्थिति थी ।

## मीरा भायंदर की तरफ से विक्रम प्रताप सिंह ने माना मुख्यमंत्री का आभार




भायंदर(उत्तरशक्ति)। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा दहिसर टोल नाका समेत मुंबई में प्रवेश करने वाले सभी टोल नाकों पर चार पहिया वाहनों को टैक्स फ्री किए जाने की घोषणा का शिवसेना के मीरा भायंदर प्रमुख विक्रमप्रताप सिंह ने आभार पूर्वक स्वागत करते हुए कहा कि विधायक प्रताप सरनाईक के नेतृत्व में मीरा भायंदर के शिव सैनिकों द्वारा वर्षों से की जा रही मांग को आज मुख्यमंत्री जी ने पूरा कर दिया। उन्होंने कहा कि 2 सप्ताह के भीतर गौ माता को राज्यमाता का दर्जा देकर, मीरा भायंदर में 1984 तक की इमारतों को अधिकृत कर तथा अब दहिसर टोल नाके को चार पहिया वाहनों के लिए टैक्स फ्री कर हम सभी मीरा भायंदर वासियों का दिल जीत लिया है हम सभी उनकी घोषणा का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

## अनुश्री फाउंडेशन ने कन्या पूजन, हल्दी कुमकुम व भंडारे का किया आयोजन



पालघर(उत्तरशक्ति)। अनुश्री फाउंडेशन की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत स्थित मनीष कॉम्प्लेक्स में शारदीय नवरात्रि के मौके पर कन्या पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अनुश्री फाउंडेशन की सचिव पुष्पा तिवारी, कीर्ति, शिव, रिंकू सिंह, पूनम कौर, ज्ञानमती निषाद, प्रमिला सिंह, सरोज देवी, सुनीता सरोज आदि का विशेष योगदान रहा।इस कार्यक्रम के दौरान हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शशि सिंह, गौरी महाकोड, सुनीता नायक, करण नायक, ममता नायक के अलावा अन्य महिलाएं शामिल रहीं।उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने में भाग्यश्री का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अनुश्री फाउंडेशन की सचिव पुष्पा तिवारी ने कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# लाड़की बहन योजना की राशि तीन हजार रुपए की जाए, विधायक कुमार आयलानी ने की मांग

**बढ़ी हुई राशि मिलने से महिलाओं की आर्थिक सुदृणता बढ़ेगी**



उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)। मुख्यमंत्री लाड़की बहिन योजना महाराष्ट्र की सफलतम योजनाओं में से एक है जिसके द्वारा राज्य की करोड़ों महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं और सरकार के प्रति अपनी सकारात्मक भावनाएं व्यक्त कर रही हैं। उल्हासनगर शहर में भी लाखों महिलाएं लाड़की बहिन योजना का पैसा पाकर खुशी से फूली नही समा रही हैं। लाड़की बहिन योजना के तहत हर महिला को 15 सौ रुपए प्रति माह दिए जाते हैं। उल्हासनगर शहर के विधायक ने सरकार की इस योजना के बारे में सरकार की भूरि भूरि प्रसंसा करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व उपमुख्यमंत्री द्वय देवेंद्र फडणवीस व अजीतदादा पवार को पत्र लिखकर लाड़की बहिन योजना की राशि को 15 सौ रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए करने की मांग पत्र लिखकर की है जिससे लाडली बहनों को सामान्य जीवन यापन में कोई असुविधा कभी भी न आए। महिलाओं के द्वारा मिल रहे आश्चर्यजनक प्रतिसाद को देखते हुए व उन्हें आर्थिक सक्षम बनाने के दृष्टिकोण से विधायक कुमार आयलानी द्वारा यह मांग रखी गई है।

## अनाथ माताओं की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य: आनंद दुबे

**राधा कृष्णा वृद्धा आश्रम में मनाई गई धर्मा देवी की चौथी पुण्यतिथि**



मीरा,भायंदर(उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय संरक्षक तथा वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद आशाराम उपाध्याय ने अपनी माता धर्मा देवी की चौथी पुण्यतिथि पर काशी मीरा ,काशी गांव स्थित राधा कृष्णा वृद्धा आश्रम में सुंदरकांड पाठ ,भजन एवं महाप्रसाद का आयोजन किया। इस अवसर पर बोलते हुए शिवसेना यूबीटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि अनाथ माता की सेवा करना तथा उनकी देखभाल करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। कार्यक्रम के आयोजक अरविंद उपाध्याय की सराहना करते हुए उन्होंने कहा यह एक प्रेरणादायक कदम है। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में सुप्रसिद्ध कथा वाचक बद्री प्रसाद शुक्ला, ज्योतिषाचार्य सुरेश ओझा, उद्योगपति शैलेंद्र पांडे, पत्रकार शिवपूजन पांडे, पत्रकार अरुण उपाध्याय ,पत्रकार राजेश उपाध्याय, आर्किटेक्ट समीर मिश्रा, पत्रकार विभांशु त्रिपाठी, शिवसेना यूबीटी युवा नेता बृजेश तिवारी, जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय, मनोज तिवारी, श्रीकांत पांडे, दिनेश मिश्रा, भजन गायक सूर्या दुबे ,मानस वक्ता राजेश मिश्रा, पंडित सुनील तिवारी, ऋषि उपाध्याय, पार्थ उपाध्याय, श्रुति उपाध्याय समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में अरविंद उपाध्याय तथा उनकी धर्मपत्नी संतोषी उपाध्याय ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महेश गायकवाड द्वारा नाला और आरसीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन



चेतन निर्मल

कल्याण (उत्तरशक्ति)। कल्याण पूर्व वार्ड नंबर 106 नांदिवली समर्थनगर में सद्गुरुकृपा सोसायटी से सटे प्रमुख नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन और ओंकारेश्वर मंदिर, आत्मारामनगर रोड कार्य का भूमिपूजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्वागत किया। इस कार्य के लिए शिवसेना शहर प्रमुख महेश गायकवाड ने लगातार प्रयास कर निधि स्वीकृत किया है। नाली के निर्माण से क्षेत्र में जलजमाव एवं गंदगी की समस्या समाप्त हो जायेगी। साथ ही ओंकारेश्वर मंदिर की सड़क का काम होने से नागरिकों को यातायात में भी काफी राहत मिलेगी। इस मौके पर महेश गायकवाड़ ने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी और स्वच्छता एवं परिवहन सुविधाओं में काफी सुधार होगा। उन्होंने नागरिकों से काम पूरा करने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर शाखा प्रमुख संतोष माने, गणेश पलांडे, श्रीधर दाभोले, राहुल टिंगरे, साईनाथ म्हात्रे,सागर पावशे, प्रशांत अमीन,शिवदास गायकवाड़, अविनाश गायकवाड़ सहित कई पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

## शिवशक्ति मित्र मंडल व शिवशक्ति महिला मंडल द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा में गरबा की रही धूम




भिवंडी (उत्तरशक्ति)। भिवंडी के कामतघर रोड फेनागांव स्थित शिवशक्ति मित्र मंडल व शिवशक्ति महिला मंडल व सिद्धिविनायक महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में भव्य गरबा का आयोजन किया गया । बतादें कि उक्त मंडल में गरबा खेलने के लिये स्थानीय महिलाओं व बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ गरबा खेलने के लिए असंख्य लोगों ने हिस्सा लिया । वहीं शिवशक्ति मित्र मंडल के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुये बताया कि भव्य भंडारे का आयोजन के साथ असंख्य महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष एस एन पाटिल , समाज सेवक पप्पू एस पाटिल , उपाध्यक्ष मुकेश हलवाई , सचिव लक्ष्मण पाटिल , अशोक प्रजापति , निलेश सिलवेरी , पवन टेलर , लवकुश पासवान , शिवशक्ति महिला मंडल व सिद्धिविनायक महिला मंडल की सलाहकार समाजसेविका शांता एस पाटिल जोगदे, अध्यक्ष काजल हलवाई, उपाध्यक्ष श्रावंती आडेप, सचिव विद्या वडोदरा आदि महिलाओं का विशेष योगदान रहा है।

## शिवतेज मित्र मंडल द्वारा आयोजित नवरात्रोत्सव हवन व महाभंडारे के साथ संपन्न



पालघर(उत्तरशक्ति)। शिवतेज मित्र मंडल की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत धर्मनगरी आजाद नगर में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर में आयोजित भव्य नवरात्रोत्सव हवन एवं महाप्रसाद रूपी विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। नवरात्रोत्सव कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक, केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन अध्यक्ष व भाजपा नेता तुलसीराम केवट द्वारा कार्यक्रम में शामिल बोईसर पुलिस थाना प्रभारी शिरीष पवार, शिवशक्ति सामाजिक संघटना प्रमुख संजय पाटील, जिला परिषद सदस्य महेंद्र भोणे आदि सभी मान्यवरों का स्वागत माता की चुनरी व श्रीफल पुष्पगुच्छ से किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष तुलसीराम केवट व विशेष सहयोगियों में सोनू जहांगीर, धर्मेंद्र सिंह, संजय मास्टर, पप्पू सिंह, जीतू सिंह, राकेश यादव, दीनानाथ, आनंद परंडवाल, बृजलाल, सुनील लांडे, आनंद महतो, सूर्य नारायण चौधरी, राजीव यादव, राजीव रंजन सिंह, तरुण यादव, धर्मेंद्र शाह, सर्वेश सिंह, बाबू सिंह, संजय वावरे, राम सिंह, गणेश सिंह चौहान, बजरंग राय, राय साहब सिंह, लालजी यादव, पिंटू पाल, राय सिंह मास्टर, शिवाजी कदम, हरिदास मिश्रा, राजू पाठक, संतोष साहनी, राजू सिंह व ओसवाल उत्सव महिला मंडल बोईसर आदि का विशेष योगदान रहा। शिवतेज मित्र मंडल द्वारा आयोजित हवन एवं महाप्रसाद रूपी भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर मनोवांछित फल प्राप्त की कामना लिए आहुति डाली उसके बाद महाप्रसाद ग्रहण किया।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37




### फेनेस्टा ने पटना में अपनी खुदरा उपस्थिति का किया विस्तार

मुंबई/पटना। फेनेस्टा, भारत का सबसे बड़ा विंडोज और डोर ब्रांड जो अपने सेगमेंट में मार्केट लीडर भी है, ने एक और शोरूम खोलकर अपने रिटेल विस्तार को मजबूत किया है। यह एक्सक्लूसिव शोरूम, विंडो एंड डोर हब, पलाजो, ब्लॉक-ए, दूसरी मंज़िल, मेन खगौल रोड, पटना, बिहार-801503 है और यह अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एल्युमीनियम विंडोज और डोर, यूपीवीसी विंडोज और डोर और सॉलिड पैनल डोर लाता है।इस अवसर पर फेनेस्टा के बिजनेस हेड, श्री साकेत जैन ने कहा, हमारे विविध उत्पाद रेंज और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता हमारी वृद्धि के प्रमुख चालक हैं।

### डीएचएल एक्सप्रेस ने दिवाली पर भारत के अंतर्राष्ट्रीय शिपमेंट के लिए 50% तक की छूट दी

पटना/मुंबई। अंतरराष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवाओं में वैश्विक अग्रणी, डीएचएल एक्सप्रेस, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू आउटबाउंड शिपमेंट पर ग्राहकों को छूट देकर दिवाली के उत्सव में चार चांद लगा रहा है। यह सीमित समय का ऑफर, जो 02 नवंबर, 2024 तक मान्य है, जिससे ग्राहक अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट पर 50% तक और घरेलू शिपमेंट पर 40% तक की छूट का आनंद लेते हुए दुनिया भर में अपने प्रियजनों के साथ त्योहारों की शुभकामनाएं और उपहार साझा कर सकते हैं। इन-स्टोर ऑफर का लाभ उठाने का विकल्प चुनने वाले ग्राहकों को अपना शिपमेंट बुक करते समय बस 'DIWALI50' प्रोमो कोड का उपयोग करना होगा।

स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

# पुलिस ने विभिन्न धाराओं में 2 वांछित अभियुक्तों किया गिरफ्तार

## कब्जे से 1 पिस्टल व 1 जिन्दा कारतूस .32 बोर बरामद

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। चंदवक वादी मुकदमा विक्रम सेठ पुत्र चन्द्रभुवन सेठ निवासी ग्राम चकरा



थाना चन्दवक जौनपुर की तहरीरी सूचना बाबत स्वंय के भाई विक्रान्त सेठ जो अपनी ज्वैलरी की दुकान बन्द करके घर आ रहे थे कि अईलिया पुलिया के पास तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा उन्हें जान से मारने की नियत से गोली मार दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 256/24 धारा 109(1) बी0एन0एस0 विरूद्ध 3 अज्ञात बदमाश के पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 राजेश राम को दी गयी तथा थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सर्विलांस टीम व स्वाट टीम को घटना का अनावरण करने हेतु लगाया गया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित मजरूब विक्रान्त सेठ की दवा ईलाज के दौरान दिनांक-13.10.2024 को मृत्यु हो गयी जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 61(2)ए/103(1) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी तथा मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त 1. आदेश रघुवंशी पुत्र विपिन कुमार सिंह निवासी सिधौनी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर, 2. सुनील सरोज पुत्र लालचन्द सरोज निवासी डीहा थाना चन्दवक जनपद जौनपुर, 3. काधा सिंह पुत्र स्व0 रामनरायन सिंह निवासी महुआरी थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़ की नामजदगी संकलित साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आई। मुखबिरी सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. आदेश रघुवंशी पुत्र विपिन कुमार सिंह निवासी सिधौनी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर, 2. सुनील सरोज पुत्र लालचन्द सरोज निवासी डीहा थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को कसिली तिराहा से दिनांक 13.10.2024 को थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता, उ0नि0 राजेश राम चौकी प्रभारी बजरंगनगर, उ0नि0 धर्मेन्द्र दत्त चौकी प्रभारी पतरही के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया तथा अभियुक्त आदेश रघुवंशी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल ( एक पिस्टल मय एक जिन्दा कारतूस 32 बोर) तथा मृतक विक्रान्त सेठ का एक छोटा बैग जिसमें दुकान की चाबी है को बरामद किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त में आला कत्ल बरामदगी के आधार पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तारसुदा अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है तथा मुकदमा उपरोक्त में गिरफ्तारी हेतु शेष अभियुक्त काधा सिंह पुत्र स्व0 रामनरायन सिंह निवासी महुआरी थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़ की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# महिला सिपाही की रावण-दहन ड्यूटी लगाने पर सिपाही-मुंशी में मारपीट

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी के सारनाथ थाने में तैनात महिला सिपाही की पूजा पंडाल और रावण दहन में ड्यूटी लगाए जाने से नाराज सिपाही ने मुंशी से मारपीट की। सारनाथ थाने में तैनात सिपाही ने एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी के साथ थाने में पहुंचकर ड्यूटी मुंशी को पीटा, इसके बाद सिपाही या महिला कांस्टेबल पर कार्रवाई होने पर थाना फूंकने तक की धमकी दे डाली। महिला कांस्टेबल की ड्यूटी लगाने पर विवाद गहराया तो ड्यूटी मुंशी राजीव तिवारी ने अधिकारियों को अवगत कराया। मुंशी ने अपने ही थाने में लिखित तहरीर देकर सिपाही पर गाली-गलौज, थाना फूंकने, जान से मारने की नीयत से वाहन पास लाने का आरोप लगाया है। जानकारी के बाद डीसीपी वरुणा चंद्रकांत मीणा ने जांच बैठाई है।

हेड कांस्टेबल राजीव तिवारी ने बताया है कि शनिवार को महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कांस्टेबल की ड्यूटी दुगार्पूजा में लगाई गई थी। महिला सिपाही ने आफिस में आकर उसकी ड्यूटी रावण दहन और पूजा पंडाल में लगाने का विरोध किया। ड्यूटी से नाम न हटाने पर उसने पूर्व ड्यूटी मुंशी अरविन्द यादव को बुला लिया।जबकि वह इस समय अवकाश पर है। पूर्व ड्यूटी मुंशी अपने साथ गोला निवासी अपराधी अजीत यादव को लाया दोनों ने मिलकर राजीव तिवारी को बाहर बुलाया और गाली गलौज के बाद मारपीट की। अपराधी अजीत यादव ने धमकी दी कि पूर्व ड्यूटी मुंशी पर कार्रवाई हुई तो थाना फूंक दूंगा। राजीव तिवारी ने बताया कि पूर्व ड्यूटी मुंशी का आवास थाने से सटा है। ऐसे में डर है कि साजिशन उस पर हमला करवा सकता है। घटना के समय थाने में पीआरवी के पुलिसकर्मी भी थे।

ड्यूटी लगाने पर भड़क गई महिला कांस्टेबल अपनी तहरीर में हेड कांस्टेबल राजीव तिवारी ने बताया कि 12 अक्टूबर को पूजा पंडालों पर शान्ति व्यवस्था देखने के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही थी। थाने में महिला हेल्प डेस्क पर कार्यरत महिला कांस्टेबल ने अपनी ड्यूटी हटाने को कहा। मैंने ड्यूटी हटा पाने में असमर्थता जताई तो उसने मुझसे विवाद किया। छुट्टी पर गए ड्यूटी मुंशी को बुलाकर पिटवाया आरोप लगाते हुए ड्यूटी मुंशी ने तहरीर में बताया कि- इसके बाद उक्त महिला कांस्टेबल ने अपने करीबी और स्थानीय थाने पर नियुक्त ड्यूटी मुंशी अरविन्द यादव जो इस समय छुट्टी पर हैं उन्हें फोन करके बुला लिया। उनके साथ थाने का हिस्ट्रीशीटर अजीत यादव भी पहचानता था। इनके द्वारा मुझे गेट पर बुलाकर अभद्रता की और मुझसे मारपीट भी की और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।

# सूर्य रथ से शाहगंज पहुंचे मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम

**शिव कुमार प्रजापति संवाददाता शाहगंज**

- भरत मिलापः जब मिले चारों भाई, हर्षित हुआ हर कोई
- भरत मिलाप में लाग और शोभायात्रा देखने पहुंचे हजारों लोग

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अयोध्या नगरी के तर्ज पर रावण वध करके लौटे प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए जुटे हजारों दर्शनार्थी। असत्य पर सत्य की जीत अर्थात अहंकार की हार। नगर में रविवार की रात में भरत मिलाप का आयोजन किया गया। जगह-जगह झांकी सजाई गई थी और लोगों ने आरती उतारी। जब भगवान राम के साथ उनके अन्य तीनों भाई मिले तो लोग हर्षित हो उठे और जय श्री राम के नारों से उद्घोष भक्तिमय कर दिया। शाहगंज नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप सोमवार की सुबह नगर के पुराना चौक में संपन्न हुआ। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का सूर्य रथ रविवार की रात निकला। जो नगर भ्रमण करते हुए सोमवार की सुबह पुराना चौक पहुंचा। यहां चारों भाइयों का मिलन देखकर लोग गदगद हो गए और जय श्री राम के उद्घोष के बीच लोगों ने पुष्प वर्षा और आतिशबाजी जमकर की ।नगर के शाहपंजा स्थित संगत जी मंदिर से प्रभु श्रीराम का सूर्य रथ का श्री रामलीला समिति शाहगंज के अध्यक्ष संदीप जायसवाल के आरती के बाद आगे बढा। घास मंडी डाकखाना तिराहा होते हुए जेसीस चौराहा पहुंचा। जहां पर प्रभु श्री राम लक्ष्मण माता सीता का भव्य आरती हुई। पूर्वांचल का ऐतिहासिक भरत मिलाप में पुष्पक विमान पर प्रभु श्री राम का साक्षात दर्शन पाकर दर्शनार्थी धन हो गए और जय श्री राम जय श्री राम के नारों से शाहगंज नगर गूंज गया। उक्त अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष गीता जायसवाल प्रदीप जायसवाल भुनेश्वर मोदनवाल एवं रामलीला समिति के अध्यक्ष संदीप जायसवाल अनिल मोदनवाल श्याम जी गुप्ता धीरज पाटिल ओम जी चौरसिया आदि लोगों उपस्थित रहे। एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया क्षेत्राधिकार अजीत सिंह चौहान सहित तमाम थानों की पुलिस फोर्स नगर में चक्रमण करती रही।



# साढ़े सात किलो अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। तेजी बाजार थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर दिनाँक-13.10.2024 को पंजीकृत मु0अ0सं0 197/ 2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना तेजीबाजार जौनपुर से सम्बन्धित 1 अभियुक्त प्रेम नरायान गोस्वामी पुत्र स्व शमशेर गोस्वामी निवासी ग्राम रामपुर सकरा थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर को दिनांक 13.10.2024 को बहदग्राम धमूर्पुर से 7 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तारसुदा अभियुक्त प्रेम नरायान गोस्वामी पुत्र स्व0शमशेर गोस्वामी निवासी ग्राम रामपुर सकरा थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहा से जेल भेज दिया गया।



### बहराइच में बवाल से लिया सबक

# वाराणसी में मूर्ति विसर्जन को लेकर हाई अलर्ट चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। बहराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बवाल के बाद कमिश्नरेट में हाई अलर्ट घोषित किया गया है।

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने रविवार की रात कमिश्नरेट के तीनों जोन के डीसीपी को कहा कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। रूट पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ ही रूफ टॉप फोर्स तैनात की जाए। निगरानी और सतर्कता को लेकर लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मी बख्शे नहीं जाएंगे। देवनाथपुरा स्थित गोल्डन स्पोर्टिंग क्लब की दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को मैदागिन कुंड में किया जाएगा। देवनाथपुरा की दुर्गा प्रतिमा मिश्रित आबादी वाले संकरे इलाकों से गुजरते हुए मैदागिन कुंड तक पहुंचती है। इसे देखते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन एसीपी, पांच थानाध्यक्ष, 250 पुलिस कर्मी और एक कंपनी पीएसी के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के रूट पर रूफ टॉप फोर्स तैनात रहेगी। इसके अलावा मॉनिटरिंग के लिए अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. एस चनप्पा के नेतृत्व में डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल और एडीसीपी काशी जोन नीतू मौजूद रहेंगी।

# टूबवेल के विवाद में हिंसक झड़प ग्राम प्रधान समेत पांच पर केस दर्ज तीन हुए गिरफ्तार

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी के जंसा थाना क्षेत्र के डीह गंजारी गांव में रविवार रात ट्यूबवेल की चाबी को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई।जिसमें विवेक कुमार सिंह नामक व्यक्ति का पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद, घायल की पत्नी स्वाति सिंह की शिकायत पर ग्राम प्रधान समेत पांच लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला, अपहरण, और मारपीट की धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, विवेक सिंह ट्यूबवेल की चाबी लेने के लिए भोलू नामक युवक के घर गया था।जहां उसकी बहन के साथ छेड़खानी का आरोप लगा। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच झगड़ा बढ़ गया और मारपीट में तब्दील हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चारो भाईयो के मिलन देख लोग हुए भाव विभोर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। श्रीरामलीला एवं भरत मिलाप समिति सिपाह द्वारा रविवार को रावण के पुतले का दहन व भरतमिलाप धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव द्वारा सिपाह चैराहे पर स्थित राम दरबार की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि करके के किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रभु श्रीराम की सेना व रावण की सेना के बीच युद्ध हुआ। तत्पश्चात सिपाह तिराहे पर स्थित विशाल रावण के पुतले का प्रभु श्रीराम जी के द्वारा दहन हुआ। रावण के पुतले के दहन के साथ-साथ चारों ओर से जय जय श्रीराम के नारे से गुज उठे। इसके बाद प्रभु श्री राम, भैया लखन लाल और सीता मैया के साथ सिपाह चैराहे पर स्थित अपने दरबार पर विराजमान हुए। रावण के पुतले के दहन के पश्चात सिपाह मानिक चैक का ऐतिहासिक भरत मिलाप का शुभारंभ हुआ। पवन पुत्र बजरंगबली महाराज जी रथ पर सवार होकर मानिक चैक स्थित कंट्रोल रूम में विराजमान भरत भैया और शत्रुघ्न भैया को लेकर सिपाह की तरफ बढ़ते हुए आते है फिर चारों भाइयों का मिलन सिपाह चैराहे पर होता है। चारो भाईयो के मिलन का यह मनोरम दृश्य देखकर लोग भावविभोर हो गए और चारों तरफ से जय जयकार के नारे गूज उठा, चारों भैया के मिलन के पश्चात भगवान की आरती, कार्यक्रम के संयोजक मनीष श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, अनूप यादव व सभी पधिकारियों द्वारा की गई और वहां उपस्थित जन समुदाय भगवान के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। भगवान की शोभा यात्रा सुंदर- सुंदर झांकियां के साथ मानिक चैक कंट्रोल रूम तक जाती है जहां वहां उनका पूजन करके कार्यक्रम समापन होता है। डॉक्टर इंद्रसेन श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव पूर्व सभासद, आनंद मोहन श्रीवास्तव, अनूप यादव, राजेश यादव, अनिल श्रीवास्तव, राम भरत यादव, गौतम गुप्ता, गौरव श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, बबलू माली, प्रदीप तिवारी, मनीष, सौरभ व अविनाश आदि लोग मौजूद रहे।



# भाजपा सदस्यता अभियान के माध्यम से जनमानस को भाजपा परिवार से है जोड़नाः राम प्रकाश दुबे

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भाजपा के सीहीपुर स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष एव सदस्यता जाँच आधिकारी जौनपुर रामप्रकाश दूबे एव विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी अशोक चौरसिया रहे। उन्होंने आज तक हुई सदस्यता की वृत ली और आगे की सदस्यता अभियान पर विस्तार से चर्चा की। सर्वप्रथम पार्टी के पुरोधा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से हर व्यक्ति व हर वर्ग को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे हम केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे साथ ही विपक्ष के फैलाए झूठ, भ्रम और देश व समाज को तोड़ने की राजनीति को बेनकाब करने का काम करेंगे। भाजपा सरकार ने देश व प्रदेश की तस्वीर बदली है। जन अपेक्षाओं को पूरा करने का काम हुआ है। उन्होंने जौनपुर मे अब तक हुये 2 लाख सदस्यता पर जिला इकाई को बधाई दी और आगे भी इसी तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किये। उन्होंने आगे हरियाणा मे बने सरका ृऔर जम्मू कश्मीर मे भाजपा की अच्छी पदर्शन पर बधाई देते हुये कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलने वाली सरकार की प्राथमिकता है उत्तर प्रदेश में बेहतर-



कानून का राज कायम करने की हमारी सरकार ऐसे तत्वों पर जो गैरकानूनी काम करते हैं, अराजकता करते हैं, जिनकी समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता पाई जाती है, कठोर कार्रवाई कर रही है। पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अशोक चौरसिया ने कहा कि सदस्यता के इस कार्यक्रम के साथ जुड़कर सबसे अधिक साधारण और सक्रिय सदस्य बनाने के टारगेट को पूरा करने की अपील की। भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक, भारत की माटी से प्यार करने वाला हर व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहता है। हमको पीड़ा होती है जब जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर भारत के सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने और भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने के लिए फैलाई जाती हैं। हमारा लक्ष्य एक ही होना चाहिए कि "राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहाँ बिश्राम"। उपचुनाव को लेकर कहा कि हम लोग पूरी तैयारी के साथ जनता के बीच में जाएंगे। योगी के नेतृत्व में दस की दस सीटें जीतेंगे। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारत के अंदर केवल भारतीय जनता पार्टी ही है जो कैडर आधारित पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी भारत की माटी से जुड़कर, भारत के महापुरुषों से लेकर भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हुए राजनीतिक क्षेत्र में राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ कार्य करने वाली पार्टी है। इसलिए यह पार्टी न केवल वर्तमान में पूरे देश में अपना सर्वव्यापी स्वरूप बनाने में सफल हुई है, बल्कि सर्वस्पर्शी भी बनी है और समाज के हर एक तबके को अपने साथ जोड़ने में पार्टी ने अपनी इस यात्रा में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने पद को इसलिए छोड़ दिया। क्योंकि तत्कालीन सरकार स्वयं ही देश की संप्रभुता के लिए खतरा बन रही थी। कश्मीर के मुद्दे को लेकर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान इसका उदाहरण है। कार्यक्रम का संचालन सुनील तिवारी ने की। उक्त अवसर पर बृजेश सिंह प्रिंसु, पीयूष गुप्ता, सुशील मिश्र, अमित श्रीवास्तव, सुधाकर उपाध्याय, संतोष सिंह, संदीप सरोज, धनंजय सिंह, विनीत शुक्ला, अनिल गुप्ता, रागिनी सिंह, गीता बिंद, अंजना श्रीवास्तव एवं समस्त मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ जनपद जौनपुर का गठन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ जनपद जौनपुर का गठन आज दिन को विधिवत



प्रदेश कर समिति के निगरानी में कराया गया जिसमें प्रदेश महामंत्री मनोज प्रजापति मुख्य अतिथि रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम नाथ दुबे ने किया कार्यक्रम में अध्यक्ष पद पर सुशील कुमार सिंह पहलवान महामंत्री पद पर डा.देवव्रत पांडेय का मनोनयन किया गया। प्रदेश कार्य समिति से प्रदेश मंत्री गौ रक्षा प्रकोष्ठ शक्ति सिंह प्रदेश मंत्री गौ रक्षा प्रकोष्ठ अमन जी जिला अध्यक्ष गोरखपुर सिकंदर कुमार मंडल प्रभारी गोरखपुर तेज प्रताप सिंह अध्यक्ष आजमगढ़ आदि लोगों की देखरेख में जनपद जौनपुर इकाई का गठन शानदार तरीके से संपन्न हुआ। जिसमें विशेष रूप से प्रेरणा स्रोत रहे दीपक सिंह संयोजक, अनुज कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चंद्रकेश पांडे जिला उपाध्यक्ष, विमल सिंह जिला मंत्री, जयशंकर सिंह जिला उपाध्यक्ष, विशाल सिंह सहसंयोजक, अरुण सिंह संगठन मंत्री, अमन सिंह जिला प्रभारी, पदुम सिंह आदि पदाधिकारियो का भी मनोनयन किया गया। जिसमें जनपद के अशोक पांडे, दिलीप सिंह, अवधेश मौर्य, संतोष सिंह, राघवेंद्र मिश्रा, विष्णु पंडित, महेंद्र यादव, कुंवर तिवारी, रविंद्र चौहान, सूरज पांडे आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# बच्चों के अंदर संस्कार देने का कार्य कर रही संस्था भाविप शौर्यः एडीएम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय होली चाइल्ड एके-डमी में किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अशोक कुमार सिंह, उदय राज सिंह, डॉ. संदीप पाण्डेय, नीरज श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम संयोजक रत्नेश शर्मा के द्वारा भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुर्ष्पापण एवं द्वीप प्रज्जवलन करके किया गया। महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव ने वंदे मातरम गीत गाया। इस प्रतियोगिता में 26 विद्यालयों में से चयनित 190 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें कनिष्ठ वर्ग में 28 एवं वरिष्ठ वर्ग में 28 बच्चों को मंच पर मौखिक प्रश्नोत्तरी परीक्षा में शामिल किया गया। यह परीक्षा 4-4 राउंड में की गई। कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख डॉ. अवधेश गिरी के नेतृत्व में मौखिक प्रश्नोत्तरी परीक्षा की गई जिसमें अतुल जायसवाल, पंकज सिंह, जनार्दन पाण्डेय, जयशंकर सिंह, अतुल मिश्रा, सुजीत यादव, नित्यानंद पाण्डेय, सुनील सिंह, डॉ. राजेश ने अपना सहयोग दिया। डॉ. संदीप पाण्डेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि भारत को जानो प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर 2001 से प्रारंभ की गई जिसमें निरंतर हर वर्ष बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद शौर्य संस्था का उदय पिछले वर्ष हुआ और तभी से संस्था ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में रिकॉर्ड स्थापित किए। उन्होंने इस परीक्षा के संदर्भ में बताते हुए कहा कि प्रथम चरण में कुल 26 विद्यालय में 4256 बच्चों ने विद्यालय स्तर पर परीक्षा दी थी जिसमें 190 चयनित छात्र आज इस प्रश्नोत्तरी परीक्षा में सम्मिलित हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. रामअछैबर ने अपने उद्बोधन में शौर्य संगठन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यों से संस्था बच्चों के अंदर संस्कार देने का कार्य कर रही है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अधीक्षक नगर अरविंद वर्मा ने अपने उद्बोधन में संगठन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बच्चों की तैयारी बहुत अच्छी है। उन्होंने भारत को जानो नामक पुस्तक की भी अत्यंत सराहना की और कहा कि देश के बारे में हर क्षेत्र की जानकारियों का ऐसा संकलन देखने को कम मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित यातायात निरीक्षक जीडी शुक्ल, डॉ. मनोज वत्स, अतुल सिंह ने भी इस कार्यक्रम की भरपूर सराहना की। परीक्षा के उपरांत निर्णय स्वरूप कनिष्ठ वर्ग में तथा पूरी परीक्षा में अंकों के आधार पर मां दुर्गा जी सीनियर सेकेंड्री विद्यालय के छात्र जीत यादव एवं आर्यन यादव को प्रथम पुरस्कार, कनिष्ठ वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय गड़ैला करंजाकला के छात्रा शुभांगी तिवारी एवं अश्विनी यादव को द्वितीय पुरस्कार, वरिष्ठ वर्ग में प्रथम तथा पूरी परीक्षा में अंकों के आधार पर तृतीय स्थान एलाफ्ट डेल सीनियर सेकेंड्री स्कूल शीतलगंज मड़ियाहूं के छात्र आर्यन यादव एवं यश यादव को मिला। वरिष्ठ वर्ग में द्वितीय तथा पूरी परीक्षा में अंकों के आधार पर चतुर्थ स्थान डीबीएस इंटर कॉलेज रामदयालगंज की छात्रा ऐश्ना सोनी एवं अंशिका तिवारी को मिला। कार्यक्रम के अंत में सम्मानित मंच एवं संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय के द्वारा विजयी छात्रों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त छात्रों को क्रमशः 11,000, 5100, 2500, 2100 रुपए का चेक प्रदान किया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ. राम नारायण सिंह, डॉ. अजय दुबे, अनिल गुप्त, राहुल पाण्डेय, राजीव साहू, प्रमोद सैनी, अवनीश यादव, अम्बरीश पाठक, विशाल तिवारी, संजीव मिश्रा, विद्याभूषण पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, प्रमोद शुक्ला, चंचल पाठक, कंचन पाण्डेय, रश्मिता सिंह, प्रियंका पाण्डेय, जया सिंह, डॉ. एकता कन्नौजिया, सरस्वती पाण्डेय, सुधा पाण्डेय आदि उपस्थित रहीं।




# लायंस क्लब जौनपुर रॉयल ने किया रास रंगीलो डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन

**अभिताश गुप्ता**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। लायंस क्लब जौनपुर रॉयल द्वारा आयोजित रास रंगीलो डांडिया उत्सव एक अविस्मरणीय और भव्य कार्यक्रम साबित हुआ। जिसमें नगर के हर वर्ग—महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया और देर रात तक भक्ति और डांडिया गीतों पर झूमते रहे। इस रंगारंग आयोजन का शुभारंभ लायंस इंटरनेशनल के गैट एरिया लीडर पीसीसी डॉ. क्षितिज शर्मा, न्यूट्रिशनिस्ट प्रनीता सेठ और मिस यूपी क्वीन शैली मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।जिसे नन्हीं आराध्या कशौधन एवं प्रिया गुप्ता ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ.क्षितिज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हर त्योहार अपनी विशेषता लिए होता है और ये हमारे रिश्तों को प्रगाढ़ करने का काम करते हैं।प्रनीता सेठ ने भारतीय संस्कृति की खूबसूरती पर जोर देते हुए कहा कि त्योहारों की खुशियां तब संपूर्ण होती हैं जब हम उन्हें मिलकर बांटते हैं। वहीं शैली मिश्रा ने इस तरह के आयोजनों को तनावमुक्त जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया।क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर और प्रथम महिला रेनू बैंकर ने सभी उपस्थित लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि लायंस क्लब हमेशा अपने सदस्यों और समाज को आनंदमय क्षण प्रदान करने के प्रयास में रहता है। इस भव्य उत्सव में पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे सभी प्रतिभागियों ने, रंग-बिरंगी रोशनी से सजे गार्डन में डांडिया गीतों पर ताल से ताल मिलाते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रमुख विजेताओं में आंचल सेठ, राकेश राजपुरोहित, नवीन मिश्रा, आशीष-प्रियंका, विभा साहू, आराध्या कशौधन, और संस्कृति श्रीवास्तव ने पुरस्कार अपने नाम किए। निर्णायकों ने इन विजेताओं को विशेष उपहार भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया। क्लब के कोषाध्यक्ष राजेश किशोर, संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता, सचिव अजय सोनकर, कार्यक्रम संयोजक संतोष अग्रहरि, आनंद साहू, नवीन साहू, यश बैंकर, और विनोद अग्रहरि ने इस भव्य आयोजन को संजोने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम का सजीव संचालन दीपशिखा चौरसिया और अभिताष गुप्ता द्वारा किया गया, जिन्होंने इसे एक अलग ही अंदाज में प्रस्तुत किया। सांवरिया स्वीट्स ने इस अवसर पर अपने विशेष सहयोग से कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया।

इस आयोजन में डॉ. वी.एस. उपाध्याय, ममता उपाध्याय, शमीर्ला सिन्हा, संजय केडिया, डॉ. सूरज जायसवाल, जोन चेयरपर्सन धीरज गुप्ता, अनिल-प्रीति गुप्ता सहित नगर के अनेक गणमान्य लोग और क्लब के सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। रास रंगीलो डांडिया उत्सव लायंस क्लब जौनपुर रॉयल द्वारा एक ऐसा आयोजन था। जिसने सभी के दिलों में आनंद और खुशी की एक अमिट छाप छोड़ी। लायंस क्लब जौनपुर रॉयल द्वारा आयोजित यह शानदार डांडिया उत्सव नगरवासियों के दिलों में आनंद और उल्लास की नई परिभाषा लिख गया।

## डॉ.कमलेशकुमार बिंद बीएसवीएस का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति



मुंबई। बिंद समाज विकास संघ के कार्यकरणी समिति की बैठक मे समिति द्वारा डॉ. कमलेश कुमार बिंद को बिंद समाज विकास संघ का प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पद पर नियुक्ति किया गया। डॉ. कमलेश कुमार बिन्द के संघर्षशील, तेज तर्रार, जुझारू कार्यशैली एवं युवाओं में लोकप्रियता को देखते हुए संघ ने निर्णय लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शेषधर बिन्द ने कहा की डॉ. कमलेश कुमार बिन्द की अध्यक्षता में समाज और संघ मजबूती के साथ साथ एक नई और सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर रहेगा। डॉ. कमलेश कुमार बिन्द खुशी जताते हुए संघ के पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि मै सदैव बिन्द समाज और बिन्द समाज विकास संघ के उद्देश्यो को संज्ञान में रखते हुए समाजहित के लिए कार्य किया हू और करता रहूंगा। उन्होंने अध्यक्ष और संघ के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## नवरात्रि पण्डाल में नवरात्रोत्सव के दर्शन का लाभ हुआ



मुंबई। गत शुक्रवार के दिन नवरात्रि के शुभ अवसर पर जगह जगह पंडालों में नवरात्रि पर जय माता दी के नारो से गुंजायमान रहा। मुंबई में नौवें दिन पर माता रानी जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ और जगह जगह घटस्थापना व हर साल की तरा इस साल भी नवरात्रोत्सव मंडळ का दर्शन प्राप्त हुआ। साईं सेवा मित्र मंडळ,सार्वजनिक नवरात्रोत्सव काजूपाड़ा कुर्ला (पश्चिम) मुंबई, में मदाधिकारियों द्वारा आए भक्तों का पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया गया। जिसमें सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), देवदास मुरंजन, कलीम शाह, जय हिंद कुमार प्रजापती, सुजित कुमार प्रजापती समेत अन्य लोगो ने भी माता जी के दर्शन किए और महाप्रसाद का भी लाभ लिया।

## होगा ऐतिहासिक ब्राह्मण महाकुंभ सम्मेलन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया ऐलान

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के



राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा पिछले वर्ष ऐतिहासिक ब्राह्मण महाकुंभ का सफल आयोजन किया गया था। वहीं इस वर्ष भी 14 दिसंबर 2024 को ब्राह्मण महाकुंभ सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया और कहा पिछले वर्ष ब्राह्मण महाकुंभ ऐतिहासिक रहा जिसकी प्रदेश में चर्चा रही और यह सफलता हमारे जांबाज पदाधिकारीयों एवं संगठन के लोगों द्वारा हुआ जहां विशाल भीड़ इकट्ठा हुई और इसकी गूंज शासन प्रशासन तक पहुंची वहीं यह भी बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीयों की 20 अक्टूबर 2024 को एक विशेष बैठक संगठन के कैंप कार्यालय गोमती नगर विस्तार में 10:00 बजे आहूत की गई है जिसमें सभी पदाधिकारी पहुंचकर ब्राह्मण महाकुंभ को सफल बनाने के लिए अपने विचार प्रकट करें। यह जानकारी प्रेस विज्ञाप्ति के माध्यम से लाल शेखर सिंह ने दी है।

## स्वानंद बाबा आश्रम में दशहरा की रही धूम



ठाणे। येऊर स्थित परम पूज्य स्वानंद बाबा आश्रम में परम पूज्य स्वानंद बाबा सेवा न्यास की तरफ से दशहरा के पावन पर्व पर पूजा अर्चना की गई। इसमें सभी उपस्थितजनों ने भगवान श्रीराम के साथ स्वानंद बाबा की जयकारा के साथ भगवान श्रीराम के आगे नतमस्तक हुए। स्वानंद बाबा की समाधि पर धीरज मिश्र द्वारा बनाई गई भगवान श्रीराम के तीर कमान की पूणार्कृति वाली राम धनुष रंगोली आकर्षक का केंद्र थी। इस मौके पर प्रमुख ट्रस्टी एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल, पंडित दुर्गाप्रसाद पाठक एवं ट्रस्टी शांति शुक्ला ने सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया। इस मौके पर आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, वरिष्ठ पत्रकार श्रीनारायण तिवारी, अरविंद शर्मा, राकेश पांडेय, अनिल बड़ी, समाज सेवी गामा मिश्र, संजय मिश्र, मनोज तिवारी, सय्यद सरताज मेहंदी, राजेश विक्रांत, धीरज मिश्र, वीरेंद्र मिश्र, पुष्पराज मिश्र, राजेश दुबे, शिवसागर मिश्रा, अनिल मिश्रा उपस्थित थे।

इन मौके पर कन्या पूजन व हवन भी संपन्न हुआ। कन्याओं के पूजन के बाद उन्हें दक्षिणा, चुनरी, उपहार आदि प्रदान किया गया। इस मौके पर गायक सोनू सिंह सुरीला द्वारा भजन गीतों की प्रस्तुति की गई। बाद में आयोजित भंडारा में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

## भव्य रामलीला महोत्सव शुभारंभ आज से, गूंजेगी मानस की चौपाइयां




मुंबई (उत्तरशक्ति)। 15 से 24 अक्टूबर तक शाम 7:00 बजे से बोरीवली में गूंजेगी मानस की चौपाइयां। और 25 अक्टूबर को होगा कवि सम्मेलन। श्री आदर्श रामलीला उप समिति बोरीवली मुंबई द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 15 अक्टूबर से लेकर 24 अक्टूबर तक कार्यक्रम को आयोजित किया जाएगा। एवं 25 अक्टूबर को हिंदी भाषी संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन 2024 के एड रामकृपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्व पं रामजस उपाध्याय रामलीला मैदान अजंता सिनेमा के सामने बोरीवली ।

## रविशंकर अटल जन शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

-आदेश कुमार मिश्रा



मुंबई। भारतीय जनता पार्टी के नेता रविशंकर दुबे बने अटल जन शक्ति संगठन युवा प्रकोष्ठ के नए महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन नारायण अवस्थी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके जानकारी दी। रविशंकर के बढ़ते वर्चस्व तथा समाज में उनके द्वारा उठाये गए लोक कल्याण के मुद्दो को देखते हुए हुई उनकी नियुक्ति की गई है। दुबे ने बताया कि संगठन पूरी तरह से भाजपा के विचारो का समर्थन करती है तथा संगठन अपने आप को अटल जी के सिद्धांतो पर ले कर आगे बढेगी। रविशंकर ने अपने मामा चंद्रशेखर शुक्ल को राजनीति मे अपना पेरणा श्रोत बताया और कहाँ जैसे मेरे मामा मे अजीवन लोक कल्याण के कार्य किये। उसी तरह उनके पदचिन्हों पर चल के मै भी कार्य करने की कोशिश करूँगा। इस नियुक्ति के लिए संगठन के अध्यक्ष अमन नारायण अवस्थी, राष्ट्रीय महासचिव एवं महारष्ट्र प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा, देव तुल्य जनता एवं अपने समर्थको का धयनवाद किया। इस नियुक्ति को लेकर रविशंकर के समर्थक बहुत उत्साहित है।

## कर्मचारियों में पुरानी पेंसन शुरू होने से खुशी का माहौल



**कल्याण।** डोंबिवली महापालिका परिवहन उपक्रम के लिए, महासभा ने वर्ष 1997 में विभिन्न श्रेणियों के 728 पदों के सृजन प्रस्ताव को मंजूरी देकर सरकार को भेजा था। इनमें से 220 पदों को सरकार ने तत्काल मंजूरी दे दी थी। इसी क्रम में, परिवहन उपक्रम द्वारा वर्ष 1998 में एक आधिकारिक भर्ती प्रक्रिया चलाकर विभिन्न श्रेणियों के 575 पदों की चयन सूची में शामिल उम्मीदवारों को वर्ष 1999-2000 के दौरान परिवहन उपक्रम के बेड़े में वृद्धि के अनुसार नियुक्त किया गया था। शेष पदों के लिए सरकार की मंजूरी के लिए उपक्रम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। निरंतर प्रयासों के कारण, वर्ष 2011 में सरकार ने 353 पदों को मंजूरी दी। इस दौरान, इन कर्मचारियों को सेवा संबंधी सभी लाभ दिए गए थे। 8 जनवरी 2013 को, महापालिका ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के सेवा नियमों में सुधार लाने के लिए महाराष्ट्र नागरिक सेवा नियम का प्रस्ताव परिवहन उपक्रम सहित पारित किया और पहले के सभी नियमों को निरस्त करके महाराष्ट्र नागरिक सेवा नियम लागू किए। इसके परिणामस्वरूप, महापालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्ष 1988 की पेंशन योजना रद्द हो गई और वर्ष 1982 की पुरानी पेंशन योजना लागू हो गई। इसी प्रकार, परिवहन उपक्रम के अधिकारियों और कर्मचारियों की गैर-मानक पेंशन योजना में परिवर्तन करके वर्ष 1982 की पुरानी पेंशन योजना लागू होने की उम्मीद थी। लेकिन, तकनीकी बाधाओं का हवाला देते हुए प्रशासन इसे लागू करने में आनाकानी करता रहा। इसके विरोध में, कर्मचारी संगठन पिछले 11 वर्षों से पत्र व्यवहार, न्यायालय, उपवास सहित विभिन्न स्तरों पर संघर्ष कर रहे थे। न्यायालय का फैसला और शासन का निर्णय कर्मचारियों के पक्ष में आने के बावजूद, अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही थी। इस दौरान 57 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए और 75 कर्मचारी का निधन हो गया। अंततः, कर्मचारियों के इस उचित प्रश्न पर सभी कर्मचारी संगठनों के नेता एक साथ आए और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे के समक्ष इस मामले को रखा। और केवल दो महीनों में, इन कर्मचारियों की नियुक्ति को नियुक्ति की तारीख से पूर्वव्यापी प्रभाव से सेवा संबंधी लाभों के लिए शासन की मान्यता वाले प्रशासनिक प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिल गई, जिससे प्रशासन की यह बाधा अब दूर हो गई है और इस मामले का स्थायी रूप से समाधान हो गया है। जिससे कर्मचारियों को उनकी हकदार पुरानी पेंशन योजना मिलने का मार्ग सुगम हो गया है। इसलिए, विजयादशमी की पूर्व संध्या पर कर्मचारियों को वास्तविक रूप से न्याय मिलने से विजय और उत्साह का वातावरण बना है।

## एयरटेल बिजनेस ने स्केलर के साथ साझेदारी में एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट सेवा लॉन्च की

**मुंबई।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल की बी2बी शाखा, एयरटेल बिजनेस ने 'एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट' सेवा लॉन्च करने के लिए ग्लोबल साइबर सुरक्षा कंपनी स्केलर के साथ साझेदारी की है। यह सेवा भारत की पहली, पूरी तरह से प्रबंधित जीरो ट्रस्ट आर्किटेक्चर (जेड टी ए) आधारित साइबर सुरक्षा समाधान है, जिसे कंपनियों को अलग-अलग साइबर खतरों से बचाने के लिए बनाया गया है। 'एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट' कंपनियों की साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाता है। यह एयरटेल की इंटरनेट लीज लाइन (आई एल एल) कनेक्टिविटी को स्केलर की क्लाउड सिक्यूरिटी और सिक्यूरिटी सर्विस एस एस ई तकनीक के साथ जोड़ता है। इसमें एस एस एल निरीक्षण, क्लाउड फायरवॉल, और क्लाउड ऐप्स जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं तक शामिल है। 'सदैव यूजर, डिवाइस और नेटवर्क की पुष्टि करण के पश्चात ही भरोसा करें' के सिद्धांत पर आधारित यह सेवा भारतीय कंपनियों को एक आसान और किफायती समाधान देकर डिजिटल दुनिया की चुनौतियों से निपटने में मदद करेगी। एयरटेल बिजनेस के सीईओ शरत सिन्हा ने कहा, हम 'एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट' लॉन्च करने के लिए स्केलर के साथ साझेदारी करके बेहद उत्साहित हैं। यह एक ऐसा समाधान है जो एंटरप्राइज नेटवर्क को पूरी तरह सुरक्षित बनाएगा। यह सुनिश्चित करेगा कि हर इंटरनेट इस्तेमाल को पूरी तरह से सत्यापित और प्रमाणित किया जाए, जिससे सुरक्षा की एक मजबूत दीवार बनेगी जो कंपनियों को नए साइबर खतरों से बचाएगी। स्केलर के साथ मिलकर, हम पूरे भारत में बिजनेस के लिए एक सुरक्षित और आसान सेवा देंगे, जिससे वे डिजिटल दुनिया की जटिलताओं का आत्मविश्वास से सामना कर सकें।

## दशहरा स्नेह सम्मेलन सम्पन्न



**पूना।** संत गाडगे बाबा जेष्ठ नागरिक संघ काशिद पार्क पिंपले गुरव को इस वर्ष का पिंपरी चिंचवड़ महानगर पालिका स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। माननीय आयुक्त चन्द्रशेखर सिंह के हाथों यह पुरस्कार दिया गया। इसी उपलक्ष्य में संस्था के कार्याध्यक्ष प्रा जितेंद्र शंकर पाण्डेय ने दशहरा स्नेह सम्मेलन का आयोजन मराठा होटल में आयोजित किया। समारोह की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष श्री कृष्ण फिरके ने की। अपने मनोगत में संस्था के कार्याध्यक्ष प्रा जितेंद्र शंकर पाण्डेय ने सभी को आपस में मिलजुल कर प्रेम से रहना चाहिए। अपनी संस्था को महानगर पालिका का स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ यह हमारे लिए गर्व की बात है लेकिन आगे भी हमें ऐसे ही पूरी लगन के साथ काम करना है और अपने काशिद पार्क परिसर को स्वच्छ रखना है। कार्यक्रम को संस्था के उपाध्यक्ष प्रकाश चिटणिस, समाजसेवी व शिक्षक प्रहलाद जरांडे, कृष्ण भक्त व शिक्षक धनेश कुमार पुरोहित, अविनाश शार्टी इत्यादि लोगों ने संबोधित किया। समारोह अध्यक्ष श्री कृष्ण फिरके ने इस सफलता को सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के परिश्रम का परिणाम बताया साथ ही साथ आगे और भी अनेक सामाजिक कार्य करने की योजनाओं का जिक्र किया। कार्यक्रम उत्साह पूर्वक चल रहा था तभी संस्था के कार्याध्यक्ष प्रा जितेंद्र शंकर पाण्डेय ने अपनी मजबूरी बताते हुए कार्याध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने की बात कर दी। एकाएक सन्नाटा छा गया लेकिन मजबूरी ऐसी थी कि त्यागपत्र वापस नहीं हो सकता था। समारोह का संचालन संस्था के सचिव सूर्यकांत भागवत ने किया। अंत में प्रा जितेंद्र शंकर पाण्डेय द्वारा पाव भाजी व गुलाब जामुन की व्यवस्था का आनंद सभी ने उठाया। कार्यक्रम में संस्था के सभी पदाधिकारी व सदस्यों के साथ साथ आमंत्रित अतिथि उपस्थित थे। इसके उपरांत संत गाडगे बाबा जेष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष श्री कृष्ण फिरके के नेतृत्व में कुछ विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने पूरे काशिद पार्क परिसर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की। इसमें लगभग सभी लोग सम्मिलित हुए। बच्चों को शिक्षक प्रहलाद जरांडे की तरफ से गरम गरम जलेबी का नाश्ता दिया गया।इन दोनों कार्यक्रमों में महिलाओं की जबरदस्त हिस्सेदारी रही।

## आयुक्त को साफ सफाई को लेकर योगेश सिंह ने दिया ज्ञापन

**वसई (उत्तरशक्ति)।** वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र अन्तर्गत प्रभाग समिति ई में साफ-सफाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के महामंत्री योगेश सिंह ने आयुक्त अनिल कुमार पावर एवं संबंधित विभाग के उपायुक्त को पत्र दिया है। साथ ही पत्र को सार्वजनिक बांधकाम, स्वास्थ्य विभाग और घनकचरा विभाग को रवाना किया गया है। पिछले कई महीनों से प्रभाग समिति ई क्षेत्र में फायर ब्रिगेड के पीछे, रश्मि रेजीडेंसी, बालाजी हॉल और डी मार्ट, वृन्दावन गार्डन, कैलाश टॉवर, दुर्वास रेजीडेंसी, शांति लाइफ स्पेस 1 के आसपास , हार्मनी, शीतल हाइट्स, समर्पण, वृन्दावन हाइट्स, अग्रवाल रेजीडेंसी, कल्पना गार्डन, सी. डी हाइट्स क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग (ठोस अपशिष्ट विभाग) की उपेक्षा के कारण बड़ी मात्रा में गंदा पानी और कचरा दिखाई दे रहा है। ऐसे में उक्त क्षेत्र में बीमारी फैलने की संभावना बढ़ रही है। महामंत्री योगेश सिंह ने आयुक्त एवं संबंधित विभाग से निवेदन करते हुए कहा कि उक्त क्षेत्र की सफाई के लिए ठोस कदम उठाएं जाएं, जिससे समय रहते लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो, साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को उचित निर्देश दिए जाएं। साथ ही महामंत्री योगेश सिंह ने पत्र में प्रभाग समिति 'ई' में फायर ब्रिगेड के पीछे, रश्मि रेजीडेंसी, बालाजी हॉल और डी मार्ट, वृन्दावन गार्डन, कैलाश टॉवर, दुर्वास रेजीडेंसी, शांति लाइफ स्पेस 1 के आसपास , हार्मनी, शीतल हाइट्स, समर्पण, वृन्दावन हाइट्स, अग्रवाल रेजीडेंसी, कल्पना गार्डन, सी. डी. हाइट्स निर्माण के दौरान बनें गटर सही तरीके से नहीं बनाएं गए है, जिससे इन परिसरों में गंदा पानी एवं कचरा बड़े पैमाने पर देखा जाता है। क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य को देखते हुए मनपा यहां जल्द प्रभावी कार्रवाई करते हुए इन समस्याओं से छुटकारा दिलाया जाए। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा है कि उक्त क्षेत्र में नए गटर के निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को उचित निर्देश दिए जाएं।

## निमिया के डार मैया झूलेली झुलनवा गीत पर झूमे भक्त



हिंदीभाषी समता संघ की माता की चौकी

मुंबई। हिंदीभाषी समता संघ की ओर से रविवार को भांडूप (पश्चिम) गांवदेवी स्थित मौर्या हॉल में माता की चौकी व दशहरा स्नेह सम्मेलन आयोजन किया गया। माता की चौकी में गायिका पूनम विश्वकर्मा व साथी गायक कलाकारों ने महामाई की महिमा का गुणगान करके श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। माता का सजा दरबार, गुग्गल धूप आदि से वातावरण सुगंधित और चल रहे माता के भजनों के गीतों पर महिलाओं ने समूह बनाकर नृत्य किया। माता के भक्ति गीतों से आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया, लोग भक्ति गीतों की गंगा में डुबकी लगाते रहे। कार्यक्रम की शुरूआत माता दुर्गा की ज्योति आगमन से हुआ। बालेंद्र विश्वकर्मा ने जैसे ही जहां मां तेरी ज्योत जगे...गीत गाया, श्रोताओं के पांव थिरकने लगे। लहर-लहर लहराये रे मां की चुनरिया, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, मैया की महिमा निराली, मां शेरावाली आदि गीतों पर माता के भक्त खूब झुमे। इस अवसर पर शिवसेना की पूर्व नगरसेविका दीपमाला बड़े ने मां दुर्गा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी शक्तियों का बखान किया। उन्होंने हिंदीभाषी समता संघ के सामाजिक कार्यो की प्रशंसा करते हुए सामाजिक समरसता पर बल दिया। दीपमाला ने कहा कि मुंबई के विकास में उत्तर भारतीयों बहुत बड़ा योगदान है, जिसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हिंदीभाषी समता संघ के अध्यक्ष हरिगोविंद विश्वकर्मा ने कार्यक्रम में शामिल लोगों से संस्था से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम संचालन डॉ. पीएन विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रकाश मौर्य, ओमप्रकाश प्रजापति, संदीप शुक्ल, शीतला प्रसाद सरोज, बाबुलनाथ विश्वकर्मा, रामसूरत यादव, काशीनाथ गुप्ता, अजय पटेल, रमेश गुप्ता, अनुराग शर्मा, भगवती शर्मा, शोभा शर्मा, आशीष मौर्या, गयादीन विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा, रामचंद्र विश्वकर्मा और मुराद हिंदुस्तानी आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## माटुंगा में विधायक कालीदास कोलम्बकर ने फीता काट कर लक्ष्मण बाईत फाउंडेशन वाचनालय का किया उद्घाटन



**प्रेम चंद मिश्रा**

**मुम्बई (उत्तरशक्ति)।** माटुंगा भाऊदाजी रोड स्थित कमला नगर में लक्ष्मण बाईत फाउंडेशन ( रजि ) के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क वाचनालय का उद्घाटन 12 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार को असत्य पर सत्य की विजय दशहरा पर्व पर भाजपा विधायक कालीदास कोलम्बकर के कर कमलों द्वारा किया गया। कुणबी समाज का प्रयास रंग लाया और बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए जगह मुहैया कराई। जिसमें बैठने के कुर्सीया, पंखे इत्यादि की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। उस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा मुंबई प्रवक्ता उत्तर भारतीय नेता उदय प्रताप सिंह, लक्ष्मण बाईत फाउंडेशन के अध्यक्ष गणेश लक्ष्मण बाईत, सचीव सुरेन्द्रन कुन्नीकन्नन, कोषाध्यक्ष भावेश जाधव, कैलाश पिल्लई, राजू आंचेकर, किरण शिंदे, मुर्गन मुडालियार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। विधायक कालीदास कोलम्बकर के अथक प्रयास से पत्राशेड का निर्माण किया गया। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैठने की सुविधा मुहैया कराई गई है। विधायक कालीदास कोलम्बकर तमाम ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की उन्होंने कहा कि मै एक समाज के लिए काम नहीं करता हु मैं सभी समाज के लिए प्रतिनिधित्व करता हूं,जाति पाति से ऊपर उठकर कार्य करता हूं। उन्होंने कमला नगर के समस्याओं का पूर्ण रूप से हल करने का अश्वासन दिया। बता दें कि उदय प्रताप सिंह स्थानीय नेता हैं। वहां की समस्याओं से पूर्ण रूप से अवगत हैं। उन्होंने ने भी समस्याओं का निवारण करने के लिए वचनबद्ध हुए।

## भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेगा जैन समाज




**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर शहर में रहने वाला जैन समाज हमेशा से भारतीय जनता पार्टी का समर्थक रहा है। बदलते राजनीतिक समीकरण को देखते हुए मीरा भायंदर चुनाव प्रमुख एडवोकेट रवि व्यास ने आज भायंदर पश्चिम स्थित माहेश्वरी भवन में जैन समाज के प्रबुद्ध लोगों और जैन संगठन से जुड़े लोगों की एक बैठक का आयोजन किया। श्री व्यास की तरफ से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि पार्टी जिस व्यक्ति को भी यहां से अपना प्रत्याशी घोषित करेगी, हम पूरी ताकत से संगठित होकर भाजपा की बड़ी जीत दिलाएंगे। उपस्थित जैन समाज तथा जैन संगठन से जुड़े लोगों ने एक स्वर में स्पष्ट कर दिया कि जैन समाज पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में मतदान करेगा। उपस्थित लोगों का साफ तौर पर कहना था कि कुछ ही दिनो में विधानसभा का चुनाव होने वाला है पार्टी द्वारा जो भी प्रत्याशी घोषित किया जाएगा, उसके पक्ष में न सिर्फ मतदान किया जाएगा अपितु भाजपा की भारी जीत के लिए पूरी ताकत के साथ कड़ी मेहनत की जाएगी। वोटो का किसी भी कीमत पर विभाजन नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता तथा वर्तमान विधायक गीता जैन के बीच चल रहे निम्न स्तर के आरोप प्रत्यारोप पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। लोगों का साफ कहना था कि इससे जनमानस में दोनों नेताओं की छवि पर बुरा असर पड़ा है। आज की बैठक से साफ हो गया कि मीरा भायंदर का जैन समाज पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है।

## जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में एआई पर केंद्रित 7 स्टार्टअप को देगी समर्थन




मुंबई। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी डेवलपर प्रोग्राम (एमजीडीपी) सीजन 5.0 के तहत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में एआई पर केंद्रित सात स्टार्टअप का समर्थन करने की घोषणा की। ईकोसिस्टम पार्टनर्स द्वारा समर्थित यह एमजीडीपी पहल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दुनिया में विकसित हो रहे एआई के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करती है। इसमें चुने गए सात स्टार्टअप में अनुवेगा पॉवरट्रॉनिक्स, एसेलेक्टर टेक्नोलॉजीज, इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज, गुडलिफ मोबिलिटी, पावर जेट (इवी ऊर्जा), रविटी, वोकबॉट एआई शामिल हैं। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में एआई को एमजीडीपी सीजन 5.0 की थीम बनाया गया है। यह प्रयास टेक स्टार्टअप को बिजनेस ऑपरेशन और रोजमर्रा की जिंदगी में बदलाव लाने में एआई की क्षमता का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। आने वाले महीनों में ये सात स्टार्टअप पायलट प्रोग्राम और मौजूदा समय में जारी प्रोजेक्ट को विकसित करने में अपना सहयोग देंगे। ये प्रयास एआई को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में शामिल करने वाले प्रैक्टिकल एप्लीकेशन और इनोवेशन लाने में मदद करेंगे। 2024 की शुरूआत में शुरू हुए इस सीजन के लिए, जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने स्टार्टअप इंडिया और मंथन (भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय) के साथ भागीदारी की है। इस भागीदारी से कार्यक्रम का प्रभाव काफी बढ़ गया। एडब्लूएस, एक्सिकॉम, लोहम और डीआरआईआईव (दिल्ली रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन एंड इनोवेशन) से मिलकर बने एक कंसोर्टियम ने स्टार्टअप के क्षेत्र में सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देते हुए

## महाराष्ट्र के भक्तों के लिए जल्द ही अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर क्षेत्र में बनाया जाएगा महाराष्ट्र भक्त सदन



ठाणे। लोकसभा चुनाव से पहले यानी जनवरी 2024 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बीजेपी सरकार के कार्यकाल में कई वर्षों से लंबित पड़े भव्य और दिव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद देशभर से श्रद्धालुओं और राम भक्तों का हुजूम दर्शन के लिए अयोध्या उमड़ पड़ा। तो वहीं महाराष्ट्र से भी कई श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या गए थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जब मंत्रियों के साथ राम लला के दर्शन किये, तब उन्होंने अयोध्या में महाराष्ट्र भक्त सदन के निर्माण की घोषणा की थी। इसके बाद, राज्य सरकार ने जून में अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के क्षेत्र में महाराष्ट्र भक्त सदन की स्थापना के लिए जमीन भी खरीदी थी। इस स्थल पर पर्यावरण अनुकूल हरित भवन का निर्माण किया जाएगा। इस भवन का भूमि पूजन समारोह हाल ही में महाराष्ट्र के लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ। लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण ने कहा कि यह महाराष्ट्र के लोगों के लिए बहुत खुशी का क्षण है। इसके बारे में अधिक जानकारी देते हुए मंत्री रवींद्र चव्हाण ने कहा कि लगभग 9500 वर्ग मीटर के क्षेत्र में 12 मंजिला भव्य महाराष्ट्र भक्त सदन बनाया जाएगा और जहां 650 पर्यटक एक साथ रह सके ऐसा भव्य भक्त सदन बनाया जाएगा । भक्त सदन में कुल 4 वीआईपी कमरे, 96 कमरे और 40 छात्रावास होंगे। इस महाराष्ट्र भक्त सदन का निर्माण अगले तीन वर्षों में पूरा हो जाएगा। यह भक्त सदन अयोध्या के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के करीब है। यह महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे से 11.5 किमी, श्री राम जन्मभूमि मंदिर से 7.5 किमी और अयोध्या रेलवे जंक्शन से 4.5 किमी दूर है। इस दौरान, इस भूमि पूजन समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास जी महाराज, अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग के सचिव (सड़क) सदाशिव सालुंखे, सचिव (भवन) संजय दशपुते, मुख्य अभियंता राजेंद्र रहाणे, अधीक्षण अभियंता विवेक बड़े, मुख्य अभियंता रंजीत हांडे, अधीक्षण अभियंता प्रमोद बनगोसावी आदि मान्यवर उपस्थित थे।

## विजय सेल्स ने फेस्टिव सेलिब्रेशन सेल की घोषणा की सेल्स ने फेस्टिव सेलिब्रेशन सेल की घोषणा की

**मुंबई।** त्योहारी सीजन की शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में भारत की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स ओमनी-चैनल रिटेल चेन विजय सेल्स अपने ग्राहकों के लिए फेस्टिव सेलिब्रेशन सेल के साथ अपनी लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने और अधिकतम बचत करने का एक रोमांचक अवसर लेकर आई है। इस फेस्टिव बोनान्जा में ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंसेज की एक विस्तृत रेंज पर 70% तक की छूट देने का वादा किया गया है, जो उनके टेक्नोलॉजी गैजेट्स के खरीदारी के अनुभव को यादगार बना देगा। विजय सेल्स के निदेशक नीलेश गुप्ता ने कहा, हम अपने फेस्टिव सेलिब्रेशन सेल को लॉन्च करते हुए रोमांचित हैं, जिसमें नवीनतम तकनीक को बेहतरीन कीमतों पर पेश किया जा रहा है। चाहे आप अपना फोन अपग्रेड कर रहे हों, अपने होम एंटरटेनमेंट को बेहतर बना रहे हों या बेहतरीन कंप्यूटिंग डिवाइस की तलाश कर रहे हों, हमारे पास हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। यह हमारे ग्राहकों के लिए नए इनोवेशन तलाशने और अपनी लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने का एक बेहतरीन समय है। विभिन्न प्रोडक्ट्स पर बेहतरीन डील के साथ एप्पल के बेहतरीन प्रोडक्ट्स का अनुभव करें। आईफोन 14 और आईफोन 15 सीरीज पर अविश्वसनीय छूट के अलावा, नई आईफोन 16 सीरीज भी 74,900 से शुरू हो रही है, जिसमें इंस्टेंट बैंक कैशबैक शामिल है, एप्पल वॉचेस की शुरूआती कीमत 22,900 है, जिसमें इंस्टेंट बैंक कैशबैक शामिल है।